RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

वर्ष : 26 | अंक : 330 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 21 नवंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

मोदी-अडाणी 'एक हैं तो सेफ हैं' : राहुल गांधी

सेबी चीफ माधुरी बुच को हटाया जाना चाहिए

नई दिल्ली (एजेंसी)। उद्योगपति गौतम अडाणी पर अमेरिका में निवेशकों के

साथ धोखाधड़ी का आरोप लगा है। अडाणी पर आरोप हैं कि उन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप में सौर परियोजनाओं के अनुबंध और वित्त पोषण हासिल करने लिए बड़े पैमाने पर रिश्वत दी। अब इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अडाणी पर तीखा हमला बोलते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। राहुल ने अडाणी के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अडाणी को बचा रहे हैं। राहुल ने कहा कि मोदी और अडाणी एक हैं तो सेफ हैं।

कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने आज एक प्रेस कांफ्रेंस की जिसमें उन्होंने कहा कि मुझे आश्चर्य हो रहा है कि अडाणी इस देश में एक स्वतंत्र व्यक्ति की तरह क्यों घूम रहे हैं। मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया गया है। अडाणी जी ने जाहिर तौर पर 2000 करोड़ रुपये का एक घोटाला किया है और संभवत: कई अन्य घोटाले किए हैं, लेकिन वह बेखौफ घूम रहे हैं। हम इसे बार-बार दोहरा रहे हैं। यह इस बात की पुष्टि है कि हम क्या कह रहे हैं, प्रधानमंत्री अडाणी को बचा रहे हैं और प्रधानमंत्री अडानी के साथ भ्रष्टाचार में शामिल हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने नारा दिया था कि एक हैं तो सेफ हैं। इंडिया में अडाणी जी और मोदी जी एक हैं तो सेफ हैं. भारत में अडानी जी का कोई कुछ नहीं कर सकता है. एक सीएम 10-15 करोड़ के आरोप में जेल चले जाते हैं लेकिन अडानी जी 2 हजार रुपये का स्कैम करते हैं। कारण है पीएम उनको प्रोटक्ट करते हैं। पीएम मोदी अडानी को बचा रहे हैं और वो खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका में उन्होंने क्राइम किया है। 2 हजार करोड़ रुपये का स्कैम है. मगर हिंदुस्तान में अडानी जी का कोई कुछ नहीं कर सकता है। अडानी जी को अरेस्ट होना चाहिए। सेबी चीफ माधुरी बुच को हटाया जाना चाहिए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

अडाणी पर लगे हैं यह आरोप

आपको बता दें कि अडानी के साथ जिन अन्य लोगों पर आरोप लगे हैं, उनमें उनके भतीजे और अडानी ग्रीन एनर्जी के कार्यकारी निदेशक सागर अडानी और कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रहे विनीत जैन शामिल हैं. जैन 2020 से 2023 तक कंपनी के सीईओ थे और वह इसके निदेशक मंडल के प्रबंध निदेशक हैं।

यह मामला अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य कंपनी के लिए भारत सरकार को 12 गीगावाट सौर ऊर्जा बेचने को लेकर अधिकारियों को रिश्वत देने से जुड़ा है। अभियोग में अडानी और अन्य पर भारत में अरबों डॉलर के अनुबंध और वित्त पोषण हासिल करने के लिए सरकारी अधिकारियों को लगभग 26.5 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने या देने की योजना बनाने के आरोप हैं।

यमुना एक्सप्रेस वे पर ट्रक-डबल डैकर बस की भिडंत, 5 की मौत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे पर देर रात एक डबल डेकर वोल्वो

बस की ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे की चपेट में आने से पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है तथा 15 लोग घायल हो गए हैं।

जानकारी के मुताबिक, बुधवार देर रात ग्रेटर नोएडा में जेवर से सटे टप्पल क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर बस और ट्रक की भिड़ंत होने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इनमें से कुछ की हालत गम्भीर बताई जा रही है जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

बताया जा रहा है कि, हादसे का शिकार हुई बस दिल्ली से आजमगढ़ की ओर जा रही थी। इस दौरान जैसे ही बस यमुना एक्सप्रेसवे पर 56 नंबर प्वाइंट पर पहुंची तो एक ट्रक में पीछे से जा घुसी। जिसके कारण बस के एक साइड से परखच्चे उड़ गए। हादसे में जान गंवाने वालों में पारुल(25), उसका पांच माह का बेटा आरोह, प्रतापगढ़ के हसमुख सरोज और दो अज्ञात शामिल हैं। मृतकों में एक महिला, तीन पुरुष और एक मासूम बच्चा हैं। हादसे के बाद बस में फंसे लोगों को खिड़कियां तोड़कर बस से बाहर निकाला गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों के साथ मिलकर क्षतिग्रस्त बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालकर उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। इस मामले में पुलिस ने बताया कि, इस हादसे की मुख्य वजह बस का ट्रक को (शेष पृष्ठ-4 पर)

सीएम की शव यात्रा निकालने व पुतला फूंकने पर 60 लोगों पर मुकदमा दर्ज

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। कल समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मोहित नागर व समर्थकों द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शव यात्रा निकालने व पुतला फूंकने पर 60 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने सेक्टर-142 थाने में मोहित नागर, लोकेश कुमार, (शेष पृष्ठ-4 पर)

गारमेंट कंपनी आग से जलकर हुई खाक, तड़के हआ हादसा

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा के सेक्टर-63 स्थित एक बंद पड़ी गारमेंट कंपनी में आज सुबह तड़के अचानक आग लग गई। आग काफी तेजी से फैली रही थी और कंपनी को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एक दर्जन गाडियो की मदद से फायरकर्मियों 4 घंटे की भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कंपनी के बंद होने के कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने का कारण और हुए नुकसान का आंकलन फायर विभाग कर रहा है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

गाजियाबाद में वकीलों के समर्थन में हड़ताल

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। गाजियाबाद में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के

विरोध में गौतमबुद्धनगर के वकीलों ने आज पूर्ण हड़ताल का आह्वान किया है। जिला दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक में इस आंदोलन का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष उमेश भाटी देवटा एडवोकेट ने की और संचालन सचिव धीरेन्द्र भाटी साकीपुर एडवोकेट ने किया।

बार एसोसिएशन के सचिव धीरेन्द्र भाटी ने कहा कि गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर किए गए अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

युवती का लैपटॉप, मोबाइल, नकदी ले उड़े

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ऑटो से अपने घर आ रही एक युवती के बैग पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। बैग में युवती का लैपटॉप, मोबाइल फोन, चार्जर, नगदी व जरूरी कागजात रखे हुए थे। पीड़िता ने थाना बिसरख में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसायटी में रहने वाली सायंतनी बनर्जी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 14 नवंबर की शाम को सेक्टर 62 स्थित अपने ऑफिस से ड्यूटी खत्म कर ऑटो से घर वापस आ रही थी। जब वह गौर सिटी सेंटर के पास पहुंची। (शेष पृष्ठ-4 पर)

गोल्फ कोर्स का निर्माण करने वाली कंपनी को नोटिस

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा प्राधिकरण ने कार्य में लापरवाही बरतने तथा निर्देशों का अनुपालन न करने पर सेक्टर-15ए में गोल्फ कोर्स का निर्माण करने वाली कंपनी को नोटिस जारी कर अनुबंध समाप्त करने की चेतावनी दी है।

बता दें कि गोल्फ कोर्स का काम लगभग बंद पड़ा है। काम बंद हुए एक महीने से अधिक का समय हो चुका है। कई बार इसकी डेडलाइन बीत चुकी है। एक सप्ताह पहले नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने साइट का दौरा कर काम की स्थिति देखी थी। बीते सोमवार तक साइट पर मजदूरों

की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी ने कुछ नहीं किया। ऐसे में प्राधिकरण ने सख्ती बरतते हुए एजेंसी को नोटिस जारी किया है। नोटिस में एजेंसी से काम काफी धीमी गति से चलने का कारण पूछा गया है। इस गति से काम पूरा करने पर क्यों न अनुबंध समाप्त कर दिया जाए, की चेतावनी दी गई है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी से 15 दिन में जबाव मांगा गया है। जवाब आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नोएडा में सजेगा साँई का दरबार भाग्यशाली को मिलेगी चाँदी की मूर्ति

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा के साँई भक्तों द्वारा साँई का 25वां दिव्य साँई बाबा जागरण 30 नवंबर को नोएडा में किया जाएगा। साँई के चरणों में प्रसिद्ध गायक अपने भजनों की प्रस्तुति भेंट करेंगे। साँई जागरण का आयोजन साँई परिवार सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। समिति के सदस्य ए.के. पंवार ने बताया कि नोएडा में साँई के लाखों भक्तों के लिए नोएडा में साँई के भव्य जागरण का आयोजन 30 नवंबर को सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में किया जाएगा।

श्री पंवार ने बताया कि साँई दरबार आयोजन के लिए कार्यक्रम 24 नवंबर से शुरू होगा। इस दिन दोपहर 12: 00 नोएडा स्टेडियम से साँई पालकी, शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जो विभिन्न सेक्टरों से होते हुए नोएडा स्टेडियम पर ही संपन्न होगी। 25 से 27 नवंबर तक विश्व प्रसिद्ध साँई लीला महानाट्य एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। 28 नवंबर को साँई भजन संध्या होगी जिसमें सुप्रसिद्ध साँई कथा वाचक गुरुजी प्रविनजी महामुनी साँई का गुणगान करेंगे। (शेष पृष्ठ-4 पर)

संदिग्ध परस्थिति में किशोरी लापता

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के ग्राम आगाहपुर में किराए पर रहने वाली एक 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों लापता हो गई।

किशोरी की मां ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आगाहपुर गांव में रहने वाली पूनम काल्पनिक नाम ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके (16 वर्षीय) बेटी बीते 14 अक्टूबर को घर से बिना बताए चली गई थी। काफी तलाशने पर भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। उसने थाने में अपनी बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बेटी के लापता होने के कारण वह बदहवास थी। (शेष पृष्ठ-4 पर)

मुठभेड़ में शातिर लुटेरा गिरफ्तार, पुलिस ने किया लंगड़ा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बिसरख पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। इसके पास से चोरी की बाइक, तमंचा, कारतूस व 5 हजार रुपए बरामद हुए हैं। पकड़े गए बदमाश पर लूट, डकैती हत्या के प्रयास सहित दो दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत है।

डीसीपी सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया थाना बिसरख पुलिस एटीएस चौराहे पर संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक पर आ रहे एक व्यक्ति को पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर उक्त व्यक्ति यू टर्न लेकर हिंडन पुष्टा की तरफ भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। इस दौरान हड़बड़ी में बदमाश की बाइक फिसल गई और वह सड़क पर गिर गया। पुलिस टीम ने जब उसे

दबोचने का प्रयास किया तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम रिजवान उर्फ शाहरुख पुत्र मोहम्मद शाहिद निवासी जनपद बुलंदशहर बताया। इसके पास से बाइक, तमंचा, कारतूस व 5 हजार रुपए बरामद हुए।

पूछताछ में पकड़े गए रिजवान उर्फ शाहरुख ने बताया कि उसने बीते दिनों विजयनगर गाजियाबाद क्षेत्र में एक चेन छीनी थी। इस चेन को उसने बेच दिया था। बरामद मोटरसाइकिल के बारे में उसने बताया कि यह बाइक उसने थाना सेक्टर 63 क्षेत्र से चोरी की थी। डीसीपी ने बताया कि रिजवान चोरी की बाइक पर किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था। उन्होंने बताया कि पकड़े गए रिजवान पर हत्या के प्रयास, लूट, डकैती सहित करीब दो दर्जन से अधिक मुकदमे गाजियाबाद, दिल्ली, गौतम बुद्ध नगर में पंजीकृत हैं। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

टीवी कंपनी से डीजी सेट का डिस्प्ले चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना कासना क्षेत्र के कासना ईकोटेक 1 एक्सटेंशन वन में स्थित एक टीवी कंपनी से चोर डीजी सेट की डिस्प्ले बोर्ड चोरी कर ले गए। चोरी की यह पूरी घटना कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

ज्ञानपाल सिंह रावत ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह वीडियो टैक्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में एचआर मैनेजर है। उनकी कंपनी एलइडी टीवी का उत्पादन करती है। 16 नवंबर की सुबह दो चोर कंपनी के भीतर आए और उन्होंने डीजी सेट जनरेटर की डिस्प्ले बोर्ड चोरी कर ली। यह डिस्प्ले बोर्ड करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत की है। जनरेटर ना चलने पर जब उन्होंने कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरा की जांच की तो उसमें दो चोर (शेष पृष्ठ-4 पर)

आज एनजीटी अदालत में पेश होंगे सीईओ व पूर्व डीजीएम

नोएडा (चेतना मंच)। आज फुटपाथ व पेड़ों के आसपास इंटर लॉकिंग टाइल्स को झूठा हल्फनामा दाखिल करने के मामले में आज नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व पूर्व डीजीएम को एनजीटी ने तलब किया है। दरअसल 17 नवंबर को सुनवाई के दौरान शहर में सड़क किनारे हो रहे अवैध टाइल कार्य और 2022 में जमा किए गए झूठे हलफनामे पर ट्रिब्यूनल ने नाराजगी ज़ाहिर की थी।

यह मामला सड़क किनारे के हरे भरे क्षेत्रों में टाइल लगाने से जुड़ा है। इस मामले में 8 नवंबर को एनजीटी में सुनवाई हुई थी। जिसके बाद कल गलत हलफनामे पर सुनवाई की जाएगी। जिसको लेकर प्राधिकरण ने अपना पक्ष तैयार किया है। साथ ही कई स्थानों पर पे? के चारो ओर लगी टाइल्स को हटाया गया है।

पर्यावरण विद् विक्रांत तोंगड़ ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों ने कुछ स्थानों पर टाइलें हटाकर फोटो एनजीटी में जमा किए, जिनमें केवल 5-10 टाइलें ही हटा दी गईं और काम अधूरा छोड़ दिया गया। उन स्थानों से हजारों टाइलें हटाई जानी चाहिए थीं क्योंकि उन्हें 2018 के नियमों का उल्लंघन करते हुए लगाया गया था। हालांकि, नोएडा प्राधिकरण ने अनुपालन का दावा किया था।

लेकिन याची के अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ ने नोएडा गोल्फ कोर्स, होजरी कॉम्प्लेक्स और नोएडा के विभिन्न सेक्टरों सहित कई स्थानों पर टाइल लगाने का फोटोग्राफिक सबूत प्रस्तुत किया। न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और डॉ. अफरोज अहमद के नेतृत्व वाली एनजीटी बेंच ने इन गलत बयानों को (शेष पृष्ठ-4 पर)

राष्ट्रीय शर्म

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जानलेवा प्रदूषण और सरकारों के कामकाज को अब 'राष्ट्रीय शर्म' घोषित कर देना चाहिए। इसके अलावा विकल्प भी क्या है? जिस समय सर्वोच्च अदालत के 'कोर्ट रूम' में प्रदूषण पर सुनवाई चल रही थी, उस समय वहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक 994 था। वह 'बेहद गंभीर' श्रेणी का प्रदूषण था। दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता 978 भी दर्ज की गई। ऐसे प्रदूषण में जीना भी 'राष्ट्रीय शर्मिन्दगी' है। सर्वोच्च अदालत का वह विशेष और संवेदनशील कक्ष होता है, जहां की हवा 'गैस चैंबर' के हालात को भी लांघ गई थी। यह शर्मनाक स्थिति नहीं है, तो और क्या है? राजधानी दिल्ली की 'प्रदूषित हवा' का औसत सूचकांक 500 को पार कर चुका है। अब एक दिन ऐसा आएगा, जब सड़कों पर 'मास्कधारी आबादी' ही दिखाई देगी, लिहाजा अब सर्वोच्च अदालत की फटकार ही पर्याप्त नहीं है। अब सर्वोच्च अदालत सरकारों से सवाल न करे, बल्कि राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों को 'प्रतीकात्मक जेल' की सजा सुनाए। प्रदूषण सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक ही सीमित नहीं है। यहां तो 'गैस चैंबर' से भी बदतर हालात हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या 30-35 फीसदी बढ़ गई है। सांसें टूट रही हैं। दिल का दौरा पड़ा है। अस्थमा, दमा का अटैक पड़ा है। लोग बुरी तरह खांस रहे हैं। मस्तिष्क पर भी प्रभाव पड़ा है, लिहाजा ऐसे मरीज भी अस्पताल तक दौड़ रहे हैं। आम दृश्यता धुंध में कहीं खो गई है, लिहाजा 100 से अधिक विमान देरी से उड़े, 15 को अन्य राज्यों की ओर मोड़ा गया और कुछ उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। यह कोई आपातकाल या संक्रमण काल नहीं है, रोजमर्रा की जिंदगी पर प्रदूषण का प्रभाव है। प्रदूषण से 22 लाख लोग सालाना मर जाते हैं। करीब 90 करोड़ भारतीय 'गंभीरतम प्रदूषण' में सांस लेने को विवश हैं। वे भी हरेक सांस के साथ अकाल मृत्यु की तरफ बढ़ रहे हैं। पर्यावरण में इतना धुआं औसत आदमी एक दिन में 49.2 सिगरेट पीने के समान निगलने को विवश है। हरियाणा में यह औसत 33.25 सिगरेट के धुएं के बराबर है। उप्र और बिहार में प्रतिदिन लोग औसतन 10 सिगरेट पीने को मजबूर हैं। आदमी के दिल, फेफड़े और गुर्दे कब तक साथ देंगे? आम आदमी की उम्र औसतन 8 साल घट रही है। हम लोग छोटे, बौने, निहित स्वार्थ के मुद्दों पर साल भर में औसतन एक लाख से अधिक आंदोलन करने के आदी हैं। जाति, धर्म, आरक्षण, आर्थिक मुद्दों पर भी राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़े गए हैं, लेकिन प्रदूषण जैसे जानलेवा हालात पर कोई आंदोलन नहीं! हालिया चुनावों में भी प्रदूषण पर कोई चर्चा, बहस सामने नहीं आई है। हमारे सामने चीन का उदाहरण है। वह एक तानाशाही किस्म का देश है, लेकिन वहां लोगों ने 'गैस चैंबर' सरीखे प्रदूषण पर ऐसा आंदोलन छेड़ा कि सरकार हिल गई। आज वहां प्रदूषण लगभग नियंत्रण में है। भारत में वैसा क्यों नहीं किया जा सकता? सर्वोच्च अदालत भी फटकारना बंद करे और संवैधानिक दायित्व तय करे, क्योंकि स्वच्छ हवा में सांस लेना भी हमारा संवैधानिक अधिकार है। पराली जलाना, घरेलू धुआं, औद्योगिक प्रदूषण, वाहनों से निकलने वाले जहरीले कण, पाबंदी के बावजूद आतिशबाजी आदि के मद्देनजर ग्रैप-4 की पाबंदियां भी स्थायी और पर्याप्त असरकारक नहीं हैं। बड़े वाहन बंद, निर्माण-कार्य बंद, फैक्ट्रियों में उत्पादन बंद, दफ्तर बंद, स्कूल बंदज्आखिर निठल्ले बैठकर प्रदूषण से कैसे लड़ा जा सकता है? प्रदूषण पर असर डालने वाले कारकों पर सोचना होगा, लिहाजा सरकारें विशेषज्ञों की सलाह लें। जिम्मेदारी भारत सरकार की भी है, बल्कि ज्यादा है। दिल्ली में ही राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और पूरी कैबिनेट, संसद स्थित हैं। सर्वोच्च अदालत और प्रधान न्यायाधीश भी दिल्ली में ही मौजूद हैं। सभी देशों के दूतावास भी दिल्ली में हैं। राजधानी होने के कारण दिल्ली की अपनी प्रतिष्ठा और गरिमा है। यदि प्रदूषण वाकई 'राष्ट्रीय शर्म' मान लिया गया, तो भारत की छवि कलंकित होगी। प्रदूषण से जानलेवा खतरा हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, दलित, पिछड़ों सभी को है, लिहाजा इस मुद्दे पर क्षुद्र राजनीति भी नहीं करनी चाहिए। यदि सरकारें प्रदूषण काबू करने में ही नाकाम, असहाय हैं, तो उन्हें बर्खास्त कर देना चाहिए। प्रदूषण के मोर्चे पर अब लीक से हट कर कुछ सार्थक करने की जरूरत है। सरकारों के पास संसाधन और अधिकार दोनों हैं। वे किसी की भी व्यावहारिक सलाह लेकर उसे लागू कर सकते हैं। सरकारें यह प्रचारित करने से बचें कि हवा और पानी तो ऐसे हैं, जिन्हें रोका या बांधा नहीं जा सकता।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि अतः मैं नारदजी के वचनों को नहीं छोड़ूँगी, चाहे घर बसे या उजड़े, इससे मैं नहीं डरती। जिसको गुरु के वचनों में विश्वास नहीं है, उसको सुख और सिद्धि स्वप्न में भी सुगम नहीं होती। उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

दो0- महादेव अवगुन भवन बिष्नु सकल गुन धाम।
जेहि कर मनु रम जाहि सन तेहि तेही सन काम॥

माना कि महादेवजी अवगुणों के भवन हैं और विष्णु समस्त सद्गुणों के धाम हैं, पर जिसका मन जिसमें रम गया, उसको तो उसी से काम है॥

जौं तुम्ह मिलतेहु प्रथम मुनीसा। सुनतिउँ सिख तुम्हारि धरि सीसा॥
अब मैं जन्मु संभु हित हारा। को गुन दूषन करै बिचारा॥

हे मुनीश्वरों! यदि आप पहले मिलते, तो मैं आपका उपदेश सिर-माथे रखकर सुनती, परन्तु अब तो मैं अपना जन्म शिवजी के लिए हार चुकी! फिर गुण-दोषों का विचार कौन करे?॥

जौं तुम्हरे हठ हृदयँ बिसेषी। रहि न जाइ बिनु किएँ बरेषी॥
तौ कौतुकिअन्ह आलसु नाहीं। बर कन्या अनेक जग माहीं॥

यदि आपके हृदय में बहुत ही हठ है और विवाह की बातचीत (बरेखी) किए बिना आपसे रहा ही नहीं जाता, तो संसार में वर-कन्या बहुत हैं। खिलवाड़ करने वालों को आलस्य तो होता नहीं (और कहीं जाकर कीजिए)॥ (क्रमशः..)

बाल अधिकारों की रक्षा में कहां खड़ा है संसार

रसमूचे संसार में आज 'विश्व बाल दिवस' का 70वां संस्करण मनाया जा रहा है। स्थापना सन् 1954 में हुई थी जो प्रत्येक वर्ष 20 नवम्बर को अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देने के मकसद से विश्व भर में बच्चों के बीच जागरूकता लाने तथा नौनिहालां की आर्थिक दशा सुधार कल्याण में बदलाव लाने के लिए मनाया जाता है। ये दिवस बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, उन्हें सुरक्षित वातावरण देना और उनकी शिक्षा व स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर केंद्रित होता है। हाल वक्त में, बच्चों पर बढ़ते अत्याचार, बाल श्रम, और शिक्षा की कमी जैसी समस्याओं से मुकाबले के लिए हम सभी को गहरी नींद से जगाने का काम भी करता है ये आज का खास दिन। बाल रक्षा के क्षेत्र में जागरूकता फैलाना किसी एक मुल्क की जिम्मेदारी नहीं, सभी की है। इसलिए सामुहिक प्रयासों से ही थम पाएगी ये समस्या।

विश्व बाल दिवस-2024 की थीम है 'हर बच्चे के लिए, हर अधिकार' जो ये सुनिश्चित करने के प्रयासों का आह्वान करता है कि विश्व के सभी बच्चों को उनके मौलिक अधिकार प्राप्त हों, जिसमें शिक्षा, भोजन, आवास, स्वच्छता और हानिकारक काम से सुरक्षा का अधिकार मिले। शुरूआती बाल शिक्षा में अफगानिस्तान जैसे मुल्क बहुत पिछड़ गए हैं। हिंदुस्तान के दूर-दराज क्षेत्रों में भी हालात चिंतनीय हैं। कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न हो, इसके लिए आज सभी को संकल्पित होना चाहिए। भारत में बाल दिवस 14 नवंबर को मनाया जाता है जो पिछले सप्ताह की संपन्न हुआ। भारत में ये दिवस पूर्व प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। तब भी बाल अधिकारों की रक्षा के लिए सभी हिंदुस्तानियों को जागरूक किया जाता है। जबकि, चिंताएं पूरे संसार के बच्चों की कि जाती हैं, चिंताएं करनी भी चाहिए, क्योंकि हालात सभी देशों में एक समान ही हैं।

बाल अधिकारों की रक्षा में विश्व का अभियान आज कहां खड़ा है। 'विश्व बाल अधिकार रक्षक अभियान' में कितनी तरक्की हुई और कहां-कहां रहीं खामियां? इन सभी बातां-तथ्यों की समीक्षा करने की सामूहिक रूप से विश्व को जरूरत है। क्योंकि किसी अभियान को 70 वर्ष निरंतर चलते रहना अपने आप में बड़ी बात होती है। सबसे पहले साल 1959 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों पर कन्वेंशन के तौर पर अपनाया। फिर 20 नवंबर को ही बच्चों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की वर्षगांठ हुई। उसके बाद आज के दिन को बाल दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय हुआ। यूनिसेफ जैसे विश्व विख्यात यूनिट बाल कल्याण के क्षेत्र में कई अंतर्राष्ट्रीय संगठन बच्चों के अधिकारों के लिए कार्यरत हैं। बच्चे के मुकम्मल अधिकार सुरक्षित हों, उन्हें उनका अधिकार आसानी से मिले को ध्यान में रखकर ही यूनिसेफ से इस समय 198 देश जुड़े हुए हैं। बाल संरक्षण की दिशा में यूनिसेफ का कार्य सराहनीय है।

बाल अधिकारों की रक्षा में विश्व का अभियान आज कहां खड़ा है। 'विश्व बाल अधिकार रक्षक अभियान' में कितनी तरक्की हुई और कहां-कहां रहीं खामियां? इन सभी बातां-तथ्यों की समीक्षा करने की सामूहिक रूप से विश्व को जरूरत है।

विश्व बाल दिवस पूरे संसार में बड़े उत्सव से मनाया जाता है जिसमें बच्चों को ढेर सारा स्नेह, उपहार और लाड-प्यार लोग देते हैं। क्योंकि बच्चे कल के भविष्य हैं और अपने-अपने मुल्क के धरोहर समान भी हैं। पर, दुर्भाग्य ये है कि बच्चों का बचपन मौजूदा वक्त में कोई एक नहीं, बल्कि तमाम सारी किस्म-किस्म की समस्याओं से घिरा पड़ा है। बाल मजदूरी से लेकर बाल तस्करी जैसे कलंक से पूरा संसार आहत है। कोई ऐसा मुल्क नहीं जहां बच्चे रोजाना हजारों की संख्या में गायब न होते हों? यूनिसेफ की माने तो संसार में सालाना 5 लाख से अधिक बच्चे लापता होते हैं। भारत का आंकड़ा तो और भी डरावना है, जहां हर साल करीब 96,000 हजार बच्चे गायब होते हैं। भारत गायब बच्चों खोजने और इस समस्या पर रोक के लिए हर कोशिश कर रहा है। ये समस्या न सिर्फ भारत में रूके, बल्कि समूचा विश्व भी इस चुंगल से बाहर निकले, को ध्यान में रखकर ही आज का विशेष दिवस मनाया जाता है। हालांकि, इस दिशा में उठाए गए ईमानदारी वाले कदम के चलते सफलता मिली हैं। पर, जितनी मिलनी चाहिए उतनी मिली नहीं? तय टारगेट तक कोई देश अभी तक नहीं पहुंच पाया।

पूरे संसार में 'बाल तस्करी' अब वैश्विक समस्या बन चुकी है। इसलिए आज का दिन दुनिया भर के बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए हम सभी को संकल्प लेने पर विवश करता है। नौनिहालों के सुधारों की वकालत और उनके अधिकारों की रक्षा करना, मदद करना और चैरिटी करने की भी प्रेरित करता है। बच्चों के अधिकारों में भेदभाव से मुक्ति, पारिवारिक जीवन का अधिकार और हिंसा से सुरक्षा करने के लिए जागरूक करता है। हालांकि, विगत कुछ वर्षों में बच्चों के अधिकारों को बनाए रखने में विश्व में अच्छी प्रगति हुई है, लेकिन बावजूद इसके कई चुनौतियां अभी भी बहुतेरी बरकरार हैं। इन चुनौतियों में हिंसा, दुर्व्यवहार, शोषण, भेदभाव, गरीबी, संघर्ष और जरूरी सेवाओं का न मिलना शामिल है। विश्व को मिलकर इन समस्याओं से लड़कर हराना होगा।

- डॉ. रमेश ठाकुर

कविता में इलाज (व्यंग्य)

हम तो पंजीकृत विश्वगुरु हैं। पूरा विश्व आज हमसे प्रेरणा ले रहा है। हमारी ओर देखता रहता है कि यह अब नया क्या करने वाले हैं जिसकी नकल हो सके। लेकिन अंग्रेज भी कम नहीं हैं, क्या क्या करते हैं, वाकई गुरु हैं। हमारे यहां तो हर अंतराल पर हो रही परीक्षा में दर्जनों दवाईयां फेल हो जाती हैं। प्रतिबंधित दवाइयां आराम से मिल जाती है। कई बार आराम से लेटे लेटे सोचता हूं, क्या उनके यहां भी दवाईयां फेल होती होंगी। दवाईयां फेल न भी हों मगर लगता है वहां मिल रही दवाइयों का असर कम हो रहा है और कविताएं अपना असर दिखा रही हैं।

अंग्रेजी कवियों की कालजयी रचनाएं तो हिंदी अध्यापकों के बच्चों ने भी खूब पढी हैं। वैसे भी वे लोग पढ़ने के दीवाने माने जाते हैं शायद तभी कविताओं में इलाज ढूंढा जा रहा है और किया जा रहा है। उदासी, अकेलेपन और व्यग्रता जैसी बीमारियों का इलाज कविताएं कर रही हैं। वैसे तो हम भी कह सकते हैं कि हमारे यहां तो ऐसा सदियों से होता आया है। कुछ भी कहोजी आज की तारीख में हमारे यहां बीस करोड़ चालीस लाख चार सौ बीस कवि हैं जिनमें से अधिकांश सामाजिक मंच पर सक्रिय हैं। जहां दूसरों की बढ़िया कविताएं अपने नाम से चेपी जा रही हैं। कविता विश्वविद्यालय सा खुल गया है। कवि और महाकवि बढ़ते जा रहे हैं। कविताजी गुम होती जा रही हैं।

अंग्रेजों ने ऐसा दवाखाना बनाया है जहां आकर लोग शांत माहौल में बैठकर कविता संग्रह पढ़ते हैं। एक दूसरे को कविताएं सुनाते हैं और समझते हैं। उनमें व्यक्त विचारों और विषयों बारे, बातें और टिप्पणियां करते हैं। कविता तो है ही प्रेम, विरह, खुशी, उदासी और दुःख के एहसासों से लबरेज। कविता सदमे से बाहर निकालने की क्षमता रखती है।



दवाखाने में रखी दवाइयों की शीशियों पर भी कविताएं लिखी हैं। बुजुर्ग नागरिक इसका ज्यादा फायदा उठा रहे हैं। दूर से भी लोग आ रहे हैं। उन्हें देखकर युवा भी आ रहे हैं और प्रेरित होकर कविताएं भी लिख रहे हैं जिनमें अपनी परेशानियां बयान कर रहे हैं। हल्का महसूस कर रहे हैं। उनमें पढने का शौक पैदा हो रहा है।

कविता बीमारियों की शुरुआती अवस्था में कारगर है। मनोविज्ञान और दर्शनशास्त्र की किताबें भी उपलब्ध हैं। हमारे यहां अधिकाँश कविताओं में अब वह असर नहीं रहा तभी सुनने वाले भी नदारद हैं। वैसे भी हमारे यहां परेशानियां, गुस्सा, ईर्ष्या द्वेष निकालने के लिए बहुतेरे मंच हैं। यहां दवाखानों में दवाएं नहीं मिलती, कविता कौन सुनेगा। हमारे यहां ज्यादा विकसित योजनाएं हैं। जानवरों को भी संगीत

अंग्रेजी कवियों की कालजयी रचनाएं तो हिंदी अध्यापकों के बच्चों ने भी खूब पढी हैं। वैसे भी वे लोग पढ़ने के दीवाने माने जाते हैं शायद तभी कविताओं में इलाज ढूंढा जा रहा है और किया जा रहा है। उदासी, अकेलेपन और व्यग्रता जैसी बीमारियों का इलाज कविताएं कर रही हैं।

सुनाया जा रहा है। वातानुकूलित कक्षों में रखा जाता है ताकि उनकी उत्पादकता बढ़े। हमारे यहाँ इंसानों को कविता से ज्यादा रोटी की जरूरत है।

- संतोष उत्सुक

राशिफल

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष : पंचमी | **(विक्रम संवत् 2081)**

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
भरपूर शुभता बनी हुई है। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेम, संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। व्यापार भी बहुत अच्छा चल रहा है।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
खर्च की अधिकता रहेगी। यद्यपि शुभ कार्यों में खर्च होगा फिर भी थोड़ा मन परेशान रहेगा।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। यात्रा में लाभ होगा।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा। सबकुछ बहुत अच्छा है।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। रुका हुआ कार्य चलने लगेगा। भाग्य साथ देगा।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
परिस्थितियां थोड़ा प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। बचकर पार करें।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। बुजुर्गों का आर्शीवाद मिलेगा। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी।



धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
विद्यार्थियों के लिए अति उत्तम समय। अच्छा निर्णय लेंगे। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान का साथ है।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी संभव है। घर में थोड़ा सा माहौल एग्रेसिव रहेगा। फिर भी बहुत अच्छा।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान का साथ है। व्यापार अच्छा है।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। लक्ष्मी योग का निर्माण हो रहा है। शुभता के प्रतीक बने रहेंगे। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

संयुक्त किसान मोर्चा ने 2 दिसंबर को दिल्ली कूच का लिया फैसला

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। संयुक्त किसान मोर्चा की पटेल लोक संस्कृति संस्थान में आयोजित बैठक में दिल्ली कूच का फैसला लिया। संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में 25 नवंबर को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर 10 प्रतिशत आबादी प्लाट, नए कानून को लागू करने मांग को लेकर महापंचायत होगी।

महापंचायत में किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और आठ बार के लोकसभा सांसद हन्ना मौला एवं किसान यूनियन टिकैत के नेता राकेश टिकैत शामिल होंगे। संयुक्त किसान मोर्चा की वर्किंग कमेटी ने फैसला लिया है कि 25 नवंबर को महापंचायत धरने और प्रदर्शन में बदल जाएगी। धरना प्रदर्शन 25 से लेकर 27 नवंबर तक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर दिन-रात चलेगा 28 तारीख में हजारों की संख्या में किसान अपने धरना प्रदर्शन को जुलूस के रूप में ले जाकर यमुना प्राधिकरण पर पड़ाव डालेंगे। यमुना प्राधिकरण पर धरना प्रदर्शन महापडाव 28 तारीख से 1 दिसंबर तक रहेगा। 2 दिसंबर को गौतम बुद्ध नगर के तीनों प्राधिकरण से प्रभावित एवं अन्य परियोजनाओं से प्रभावित हजारों किसान संसद सत्र के दौरान दिल्ली कूच करेंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा की महापंचायत की तैयारी के लिए आज ईटेडा पतवारी रोजा हैबतपुर गांव की संयुक्त पंचायत आयोजित की गई। पंचायत मुकुल के फार्म हाउस में

आयोजित की गई पंचायत की अध्यक्षता चंद्रमल प्रधान ने की।

पंचायत को गबरी मुखिया सूले यादव दानवीर यादव बुधपाल यादव सतीश यादव दुष्यंत सेन, किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार सतपाल खारी, भीम खारी, मुकुल यादव मोहित यादव, ब्रह्म सिंह यादव रजे सिंह यादव, रणवीर यादव, सुरेश यादव सतबीर यादव एवम अन्य सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। हैबतपुर से सतीश गोस्वामी, ईटेडा से सूले यादव, रोजा से दुष्यंत सेन, एवं पतवारी से गबरी मुखिया ने महापंचायत में सैकड़ो की संख्या में शामिल होने का आश्वासन दिया।

किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि 10 प्रतिशत आबादी प्लाट, नए कानून को लागू करने एवं हाई पावर कमेटी द्वारा सकारात्मक सिफारिशों को तुरंत लागू किए जाने के संबंध में आंदोलन आरपार का होगा। आंदोलन अपने चरम की ओर है योगी सरकार यदि आंदोलन की मांगों को पूरा नहीं करती है तो गौतम बुध नगर में शांति संभव नहीं है। किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि आंदोलन अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर चुका है आंदोलन अपने अंतिम उद्देश्य को प्राप्त करने के बाद ही समाप्त होगा।

किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार ने कहा कि पहले चरण में हमने अपनी मांगों के संबंध में प्राधिकरण से प्रस्ताव पास कराकर शासन को प्रेषित कराया दूसरे चरण में उन प्रस्तावों की मंजूरी के लिए हाई पावर कमेटी का गठन कराया कमेटी ने आबादी शिफ्टिंग भूमिहीनों की दुकानों के संबंध में सकारात्मक सिफारिशें दी हैं वे सिफारिशें भी अभी लंबित हैं उन्हें लागू किया जाना शेष है। अभी किसान मोर्चा में 10 संगठनों को शामिल कर आंदोलन को निर्णायक तौर पर सफल करने का संकल्प लिया गया है।

गौतमबुद्धनगर के 3.50 लाख से ज्यादा किसान 10 परसेंट प्लाट के मुद्दे से प्रभावित हैं। तीनों प्राधिकरणों से प्रभावित सभी संगठन एकजुट होकर इस लड़ाई को उसके अंतिम परिणाम तक लड़ रहे हैं लड़ाई को जीतकर ही दम लिया जाएगा।

मुख्य अभियंता ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

नोएडा (चेतना मंच)। गढ़ी शहदरा गांव में कल बिजली विभाग के मुख्य अभियंता हरीश कुमार

ने लोगों की समस्याओं को सुना। सपा नेता सुभाष भाटी शहदरा ने मुख्य अभियंता को गांव की समस्या से अवगत कराया इनके साथ एक्शन एसडीओ जेई आदि अधिकारी भी उपस्थित रहे।

सुभाष भाटी ने कहा मेरे गांव में केविल बहुत पुरानी हो गई है उनको बदला जाए और बिजली के पोल भी नालियों में बीचोंबीच लगे हुए उनका सर्वे कर के ठीक से लगाया जाए और नए खंभे एवं केविल भी लगा जाए तथा बिल के नाम पर किसानों को परेशान किया जाता है। नए कनेक्शन के नाम पर गांव वालों को परेशान किया जाता है, अधिकारी पैसे मांगते हैं। नवीन और कपिल भाटी ने कहा कि हमारे गांव मे बहुत बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने के आवश्यकता है। आदि समस्याओं से मुख्य अभियंता को अवगत कराया है। मुख्य अभियंता ने सभी समस्याओं को गंभीर से सुना और जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर वीर सिंह प्रधान राजेश भाटी श्रीनागर सुभाष भाटी कपिल भाटी नवीन खारी अंकित शर्मा उद्यम नागर प्रकाश पंडित पवन बेसोया सतीश भाटी देवू भाटी नरेंद्र खारी राहुल पंडित मोहित भाटी कर्मवीर भाटी सचिन खारी नवीन शर्मा आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

भाकियू (लोक शक्ति) की हुई बैठक

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की एक बैठक मास्टर श्यौराज

सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में जेवर में हुई। बैठक की अध्यक्षता अहमद खान ने किया तथा संचालन विनोद चौधरी ने किया।

बैठक में तय किया गया कि अबकी बार भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति का स्थापना दिवस सावोता अंडर पास जेवर पर मनाया जायेगा जिसमें क्षेत्र की समस्याएं पर चर्चा होगी तथा यमुना विकास प्राधिकरण का किसान संपूर्ण यमुना विकास प्राधिकरण में पुस्तैनी किसान माना जाए। इसको लेकर यमुना विकास प्राधिकरण के ज्ञापन भी प्रेषित किया जाएगा। बैठक में विश्वास नागर मनोज प्रधान, विपिन शर्मा, पप्पू नागर, अशोक छातंगा जफर नेताजी, हरिओम शर्मा करम इलाही आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

बिजनेसनेक्स्ट ने भारत के बीएफएसआई सेक्टर में बदलाव के लिए लॉन्च किया एजेंटनेक्स्ट

नई दिल्ली। बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के लिए एआई सोलूशन्स प्रदाता, बिजनेसनेक्स्ट ने एजेंटनेक्स्ट लॉन्च किया है, जो बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) सेक्टर को आधुनिक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया भारत का पहला एआई एजेंट प्लेटफॉर्म है। यह प्लेटफार्म एआई असिस्टेंट को नियमित कार्यों का लगभग 60-70 प्रतिशत काम पूरा करने में काफी मदद करता है, जिससे टीम को अन्य कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए काफी समय मिल जाता है।

एजेंटनेक्स्ट पेर्सनलाइड बैंकिंग असिस्टेंट और एआई-पॉवर्ड संपर्क केंद्रों जैसे टूल के द्वारा बीएफएसआई सेक्टर के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलता है। इसका उद्देश्य सेल्स, मार्केटिंग, लेंडिंग और ग्राहक सेवा जैसे क्षेत्रों में सेवा को और बेहतर करना है। प्लेटफ़ॉर्म का थिंकिंग ब्रशइ इंजन उन्नत एआई क्षमताएं प्रदान करता है, जिससे मुश्किल वित्तीय कार्यों को आसानी से मैनेज किया जा सकता है।

बिजनेसनेक्स्ट के संस्थापक और सीईओ निशांत सिंह ने कहा कि

एजेंटनेक्स्ट भारत के बीएफएसआई सेक्टर के लिए एक बड़ा कदम है। इसे हमारे बाज़ार की विशिष्ट चुनौतियों का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह बैंकों और वित्तीय संस्थानों को सुरक्षा और कंप्लायंस के मानकों को बनाए रखते हुए अधिक स्मार्ट और तेज़ी से काम करने में मदद करेगा।

प्लेटफ़ॉर्म में एक नो-कोड एजेंट स्टूडियो भी शामिल है, जो व्यवसायों को अपने अनुसार एआई एजेंट बनाने या पूर्व-डिज़ाइन किए गए एआई एजेंटों को अपनी आवश्यकताओं के अनुसार जालने की अनुमति देता है। यह सुनिश्चित करता है कि वित्तीय संस्थान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जैसी संस्थाओं के नियमों का पालन करते हुए बदलती मांगों को आसानी से पूरा कर सकें।

मलकपुर गाँव में रोड बनवाने के लिए अधिकारियों से मिले

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में नोएडा विलेज रेसिडेंट्स एसोसिएशन एवं प्राधिकरण के उच्च अधिकारीयों के बीच एक अहम् मुलाकात हुई। इस दौरान प्राधिकरण एसीईओ आशुतोष कुमार द्विवेदी (आईएएस) के सामने प्रतिनिधिमंडल ने मलकपुर गाँव में बन रहे नए रोड के टेंडर में कई प्रमुख गलियों और गाँव के एक मुख्य मार्ग को छोड़ने की शिकायत रखी।

संस्था ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी इंदु प्रकाश सिंह से भी मुलकात की जिन्होंने भी संस्था की मांगो का समर्थन किया एवं गाँव में सफाई की शिकायतों और समाधान के लिए पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया।

नोएडा विलेज रेसिडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजन तोमर ने बताया कि नोवरा संस्था नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा दोनों ही क्षेत्रों के ग्रामीणों की समस्याओं के लिए बनाई गई है। इस दौरान संस्था के महासचिव पुनीत राणा, विनीत चौहान, अनिकेत चौहान एवं वतन राजपूत उपस्थित रहे।

कविता

... एक ढहता हुआ मजार है?

यहां से वहां तक
जहां तक दृष्टि जाती है,
छत रहित दीवारें ही दीवारें दिखाई पड़ती हैं
न जाने कब से इन्हे देखते देखते
आंखें पथरा गई हैं?
सड़क और गली
आदमियों की सूरत
न बुरी है न भली
आंगन से दीवार
दीवार से आंगन



इन्हीं दीवारों के बीच
इस आंगन की ऊंचाई पर बैठा मैं
न आगे कूद सकता हूं
न पीछे लौट सकता हूं
मुझे इस आंगन की मुंडेर पर बंदी की तरह बैठा दिया गया है जहां अंधा हुआ भूत धुआं धुआं भविष्य
बेचारा निरुपाय अपरिचित वर्तमान अपनी ही शक्ल से बेजार है एक ढहता हुआ मजार है?

- डॉ कृष्णावतार त्रिपाठी राही
(ज्ञानपुर)

संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बीरपाल पुत्र श्री खक्चय राम, निवासी-रामपुर बांगर, थाना-जेवर, जिला-गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) मेरा पुत्र नीरज शर्मा व पुत्रवधू निकिता मेरे कहने के अनुसार नहीं चलते हैं और मेरे साथ अभद्र व्यवहार, अभद्र भाषा का प्रयोग व अमानवीय व्यवहार करते हैं। मैंने अपने पुत्र नीरज शर्मा व उसकी पत्नी निकिता को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन वह लोग समझने को तैयार नहीं है। इसलिए मैं अपने पुत्र नीरज शर्मा व पुत्रवधू निकिता से संबंध-विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। आज के बाद नीरज व निकिता किसी से लेनदेन करते हैं या उनके किसी भी कृत्य के लिए वह लोग खुद जिम्मेदार होंगे।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू.पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

कार्यालय : संयुक्त आयुक्त (वि0 अनु0 शा0) राज्य कर, संभाग-ए/बी नोएडा

उपायुक्त (प्रशासन) राज्यकर नोएडा

-: नीलामी सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य कर, विभाग नोएडा की विभिन्न सचल दल इकाइयों द्वारा अभिग्रहीत निम्न माल/सामग्री की नीलामी की जानी है।

क्र. स.	विवरण	नीलामी स्थल	अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क अधिकारी	धरोहर राशि का विवरण
01	कुल 3712 पेयर फुटवियर	सूरजपुर ग्रेटर नोएडा	श्री प्रवीण सिंह सहायक आयुक्त मो-7235002851	रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 01 STATE TAX NOIDA
02	54 नग वायर तथा 82 पीस पुराने मोटर	उक्त	श्री प्रवीण सिंह सहायक आयुक्त मो-7235002851	रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 01 STATE TAX NOIDA
03	वाहन संख्या DL 51GD 4791 टैम्पू छोटा हाथी, तीन पहिये वाला और तीन Way Junction Box housing 10000 नग	उक्त	श्री प्रवीण सिंह सहायक आयुक्त मो-7235002851	रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 01 STATE TAX NOIDA
04	समरसिवल पम्प 20 नग	उक्त	श्री सुजीत कुमार सिंह सहायक आयुक्त मो-7235001988	रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 02 STATE TAX NOIDA
05	वाहन संख्या UP21AN-6716 व 91 नग परचून	उक्त	सुश्री शिवानी अग्रवाल सहायक आयुक्त मो-7235001355	रु0 20000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 04 STATE TAX NOIDA
06	फुल बाडी ट्रक TATA LPT-3118/56 E-III, 5883 CC- UP78CN8198	उक्त	श्री जितेन्द्र कुमार भारती सहायक आयुक्त मो-7235003640	रु0 20000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 05 STATE TAX NOIDA
07	1740 नग जींस पैंट	उक्त	श्री जितेन्द्र कुमार भारती सहायक आयुक्त मो-7235003640	रु० 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 05 STATE TAX NOIDA
08	Paver machine - 01Roller- 01	उक्त	श्री जितेन्द्र कुमार भारती सहायक आयुक्त मो-7235003640	रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 05 STATE TAX NOIDA
09	वाहन (ईको फ्लैक्सी ग्रीन) DL1LT9578 Or EDC Machine, 52 नग	उक्त	श्री उमेश सचान सहायक आयुक्त मो-9045660134	रु0 5000.00 का डिमांड ड्राफ्ट ASSISTANT COMMISSIONER MOBILE SQUAD 06 STATE TAX NOIDA
10	कार्यालय भवन सेक्टर-148 व सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में रखी निष्प्रियोजन सामगी।	सेक्टर-148 नोएडा	उपायुक्त (प्रशासन) राज्यकर नोएडा मो-723500314	रु0 10000.00 का डिमांड ड्राफ्ट Deputy COMMISSIONER ADMIN STATE TAX NOIDA

उपरोक्स समस्त माल/सामग्री की नीलामी दिनांक 06-12-2024 दिन शुक्रवार को प्रात: 11.00 बजे **जहां है जैसा है** के आधार पर की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले केवल राजिस्टर्ड व्यापारीगण/व्यक्ति नियत तिथि व नियत स्थल (कालम संख्या 03 में वर्णित) पर नीलामी हेतु वर्णित वस्तु के समक्ष अंकित आवश्यक डिमांड ड्राफ्ट अपने साथ लेकर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। नीलामी से सम्बंधित नियम व शर्तों की जानकारी सम्बंधित कार्यालय/ दूरभाष पर किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे प्राप्त की जा सकती है। नीलामी की वस्तु पर GST/ टैक्स अंतिरिक्त देय होगा।

उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर नोएडा
सहायक आयुक्त राज्यकर
सचल दल इकाई, 1,2,4,5,6, नोएडा

गाय के साथ अमानवीयता कुत्ते को बेहरमी से पीटा

नोएडा (चेतना मंच)। इंसान जानवरों के प्रति कितना क्रूर होता जा रहा है इस बात का अंदाजा नोएडा में

मर गई है मानवता, जानवर से भी बदतर हो गया है इंसान

घटित दो घटनाओं से लगाया जा सकता है। एक घटना में तो दरिंदगी की हद ही पार कर दी गई। गाय के मलद्वार में किसी ने लकड़ी का डंडा डालकर मानवता को शर्मसार कर दिया। वही एक व्यक्ति ने अपने पालतू कुत्ते की निर्ममता से पिटाई की। पुलिस ने दोनों ही मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नंदी सेवा ट्रस्ट को सूचना मिली कि ग्राम अली वर्दीपुर हल्द्वानी के पास एक गाय बीमार हालत में बैठी हुई है। सूचना के आधार पर ट्रस्ट की टीम मौके पर पहुंची और बीमार गाय को एंबुलेंस की मदद से सेक्टर 3 पटवारी स्थित गो चिकित्सालय लेकर पहुंची। चिकित्सक द्वारा परीक्षण करने पर पता चला कि गाय के मलद्वार में किसी हैवान व्यक्ति ने डंडा डाल दिया है जिस कारण उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। चिकित्सक ने उपचार के पश्चात गाय के मलद्वार से करीब ढाई फीट लंबा डंडा बाहर निकाला। इस डंडे की वजह से ही गाय की हालत लगातार बिगड़ रही थी। इस संबंध में नंदी सेवा ट्रस्ट के कर्मी मोहन सिंह ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना ईकोटेक 3 में मुकदमा दर्ज कराया है। गाय के मलद्वार से डंडा निकालने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस घटना की जानकारी मिलने पर तमाम लोग इसकी निंदा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि जिस व्यक्ति ने गाय के साथ ऐसा अमानवीय कृत्य किया है उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

पालतू कुत्ते के साथ क्रूरता का एक मामला सोशल मीडिया के माध्यम से प्रकाश में आया। वायरल वीडियो के आधार पर थाना ईकोटेक तीन पुलिस ने पालतू डॉगी के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सब इंस्पेक्टर निशांत सारस्वत ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोशल मीडिया पर पालतू डॉगी की पिटाई का एक वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में एक व्यक्ति डॉगी को बुरी तरह से मारपीट कर रहा था। वीडियो वायरल होने पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर उसने ट्वीट वीडियो की जांच की। जांच के दौरान पता चला कि यह वीडियो महागुण मंत्रा अपार्टमेंट का है। अपार्टमेंट में किराए पर रहने वाला हरिशंकर गुप्ता अपने पालतू कुत्ते को जमीन पर बार-बार पटक कर चोट पहुंचा रहा था और उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर रहा था। इस बारे में जब आरोपी हरिशंकर गुप्ता से संपर्क किया गया तो उसने स्वीकार किया कि उसने अपने पालतू कुत्ते के साथ मारपीट की है। सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

एमिटी हुयमिनिटी फांउडेशन और आईजीएल ने युवाओं को बनाया स्वावलंबी

नोएडा (चेतना मंच)। एमिटी हयुमिनिटी फांउडेशन (एएचएफ) और इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) द्वारा कमजोर वर्ग की महिलाओं और पुरूषों को एडवांस सिलाई मशीन संचालन का प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। एएचएफ-आईजीएल प्रोजेक्ट के अंर्तगत एडवांस सिलाई मशीन आपरेटर के 100 प्रशिक्षकों द्वारा छह माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न करने पर सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह, एमिटी हयुमिनिटी फांउडेशन के महानिदेशक डा श्यामलेंदू नियोगी और एमिटी हयुमिनिटी फांउडेशन के उप निदेशक मनोज कुमार यादव ने प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किये।

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि पहले एएचएफ और आईजीएल, व्यक्तियों को घरेलु कार्यो के लिए प्रशिक्षण देते थें किंतु अब में उद्योगों की मांग और रोजगार की उपलब्धता को देखते हुए एमिटी हयुमिनिटी फांउडेशन की सहायता से हम व्यवसायिक प्रशिक्षण देते है जिससे व्यक्ति चाहे तो रोजगार प्राप्त करे या

स्वंय का उद्यम प्रारंभ करें। व्यापार और समाज एक ही सिक्के के दो पहलू है और वर्तमान में सरकार द्वारा कौशल विकास के पर जोर दिया जा रहा है।

अपने अनुभवों को साझा करते हुए प्रतिभागी श्रीमती सोनी ने कहा कि एमिटी हयुमिनिटी फांउडेशन और आईजीएल के द्वारा दिया गया छह माह के प्रशिक्षण मे हमे कई प्रकार की मशीनों की जानकारी प्रदान की गई व उनका संचालन कराया गया।

एमिटी हयुमिनिटी फांउडेशन की चेयरपरसन श्रीमती पूजा चौहान के मार्गदर्शन में हमने जीवन को आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणा प्राप्त की है। एक अन्य प्रतिभागी अमित कुमार ने कहा कि एमिटी और आईजीएल से प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत मुझे एक कंपनी में रोजगार मिल गया है और इस निशुल्क प्रशिक्षण ने सिलाई कौशल को विकसित किया है जिसके लिए मै शुक्रगुजार हूं।

इस अवसर पर एमिटी हयुमिनिटी फांउडेशन के उप निदेशक मनोज कुमार यादव, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अंशुमान एवं अमित भी उपस्थित थे।

बेटी को आत्महत्या के लिए उकसाने पर युवक व युवती पर मुकदमा दर्ज

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-49 में एक व्यक्ति ने अपनी बेटी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में अपने गांव के ही युवक व युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि युवक ने उसकी बेटी की अश्लील फोटो व वीडियो बना ली थी। अश्लील फोटो वह वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर युवक उसकी बेटी को ब्लैकमेल कर उसका शारीरिक व मानसिक शोषण कर रहा था।

बरौला गांव में किराए पर रहने वाले रमेश (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह पिछले काफी समय से अपने परिवार सहित बरौला गांव में रह रहा है। उसके पड़ोस में ही उसके गांव का रहने वाला अजय ठाकुर भी अपने भाई के साथ ही किराए पर रह रहा था। अजय ठाकुर की जानकार रोशनी नाम की युवती ने उसकी बेटी को ब्लैकमेल कर अजय ठाकुर से जबरन उसका संपर्क कराया। इस दौरान अजय ठाकुर ने उसकी बेटी के साथ अनैतिक संबंध बनाए और उनकी फोटो व वीडियो बना ली। अजय ठाकुर उसे फोटो व वीडियो के आधार पर लगातार ब्लैकमेल करने लगा। इस दौरान उसने अपनी बेटी की शादी के लिए कई जगह पर रिश्ता तय किया लेकिन जहां भी वह रिश्ता तय करता वहां अजय ठाकुर उसकी पुत्री के अश्लील फोटो वीडियो भेज कर रिश्ते को तुड़वा देता था। रमेश के मुताबिक अजय ठाकुर ने उसकी बेटी का जीना दूभर कर दिया और उसे मानसिक रूप से परेशान करने लगा। अजय ठाकुर की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर उसकी बेटी ने 28 अगस्त को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में उसने थाना सेक्टर 49 में अजय ठाकुर व रोशनी के खिलाफ शिकायत दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शिकायत किए जाने का पता चलने पर अजय ठाकुर ने उसे परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर उसने न्यायालय का सहारा लिया और याचिका दायर कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई।

थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर अजय ठाकुर व रोशनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

जबरन मोबाइल ले गया

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-49 में एक महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ जबरन मोबाइल फोन ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके मालिक को दुबई का टिकट व वीजा बनवाने के लिए पैसे दिए थे। टिकट व वीजा ना बनने पर आरोपी युवक जबरन उसका मोबाइल फोन ले गया।

विजयनगर गाजियाबाद निवासी शशि ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के पास स्थित बीडीएस मार्केट में पासपोर्ट वीजा बनाने वाली कंपनी में पार्ट टाइम जॉब करती है। कंपनी के मालिक धर्मेंद्र के पास बेगूसराय बिहार निवासी जीशान ने दुबई जाने के लिए टिकट व वीजा के लिए 45 हजार रुपए दिए थे। टिकट व वीजा ना बनने के कारण धर्मेंद्र ने जीशान के 40 हजार रुपए वापस कर दिए थे। जिशान के 5 हजार रुपए बकाया रह गए थे। 18 नवंबर को जीशान ऑफिस में अपने पैसे मांगने आया। उस दौरान ऑफिस में धर्मेंद्र मौजूद नहीं था। पैसे ना मिलने पर जीशान उसका मोबाइल फोन जबरन लेकर चला गया। उसने जब अपना फोन मांगा तो आरोपी ने उसे धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश कर रही है।

सवारी के भेष में बैठे बदमाशों ने ड्राईवर की नकदी व मोबाइल चुराया

नोएडा (चेतना मंच)। सवारी के भेष में बैठे बदमाश चालक को चकमा देकर कार को लेकर रफू चक्कर हो गए। कार में ड्राइवर के 25 हजार रुपए ,मोबाइल फोन भी रखा हुआ था। पीड़ित ने थाना ईकोटेक-3 में बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मूल रूप से जनपद कन्नौज के रहने वाले जनवेश पाल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपने जीजा अवनीश पाल की कार को चलाता है। उसकी कार ओला उबर और रैपीडो के कांटेक्ट में लगी हुई है। 19 नवंबर को रैपीडो एप पर रवि नाम के व्यक्ति द्वारा कार के लिए ऑनलाइन बुकिंग की गई। वह रवि द्वारा भेजी गई लोकेशन पर पहुंचा जहां से उसकी कार में दो व्यक्ति बैठे। दोनों नोएडा के खैरपुर गांव आए और यहां से दो व्यक्ति और उसकी कार में बैठ गए। जनवेश पाल के मुताबिक उसने सवारी के रूप में बैठे लोगों को बताया कि उसकी कार में सीएनजी नहीं है। सवारी के रूप में बैठे लोगों ने उसे सीएनजी पंप के बारे में बताया। जब वह सीएनजी भरवा रहा था तो एक व्यक्ति उसकी कार को लेकर फरार हो गया। उसने शोर मचा कर चारों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह भाग निकले। जनवेश पाल के मुताबिक उसकी कार में 25 हजार रुपए ,मोबाइल फोन, पैन कार्ड, आधार कार्ड व अन्य कागजात रखे हुए थे। उसने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मोबाइल लूट ले उड़े झपटमार

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने एक व्यक्ति से मोबाइल फोन झपट लिया और फरार हो गए। पीड़ित ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद निवासी चंदन कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 16 नवंबर को अपने मोबाइल फोन पर बात करता हुआ जा रहा था। सेक्टर-58 स्थित सतपाल कंपनी के पास पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसका मोबाइल फोन झपट लिया और मौके से फरार हो गए। अचानक हुई इस घटना से वह हड़बड़ा गया और बाइक का नंबर भी नहीं देख पाया। बदमाशों के जाने के बाद उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पृष्ठ एक के शेष....

मोदी-अडाणी 'एक हैं ....

और उनकी जांच होनी चाहिए। प्रधानमंत्री जी इस व्यक्ति को 100 फीसदी बचा रहे हैं। ये व्यक्ति बीजेपी को पूरी तरह सपोर्ट करते हैं. हमारी जेपीसी की मांग है। हम कहना चाहते हैं कि अडानी जी को अरेस्ट किया जाना चाहिए।

राहुल ने कहा कि हम जानते हैं कि अडानी का कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि अगर वो लीगल तरीके से काम कर रहे हैं तो हमें कोई दिक्कत नहीं है. अगर सरकार को लग रहा है कि कुछ गड़बड़ है तो वह जांच करे. शुरूआत तो वहीं से होगी ना कि अडानी जी को पकड़िए और उन्हें अंदर करिए फिर पूछताछ करिए। उन्हें माधुरी बुच बचा रही है जो उनके स्टॉक की कीमतों को नियंत्रित करती हैं। उन्हें भी पद से हटाना चाहिए।

यमुना एक्सप्रेस वे पर ....

ओवरटेक करना और कोहरा है। इस घटना के बाद जाम भी लग गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने काफी प्रयास करके यातायात सामान्य करवाया।

जानकारी मिली है कि प्रतापगढ़ के कृष्णा ट्रैवल्स की डबल डेकर बस दिल्ली से आजमगढ़ और मऊ के लिए जा रही थी। जैसे ही बस यमुना एक्सप्रेसवे पर पर 56 नंबर प्वाइंट पर पहुंची तो एक ट्रक में पीछे से जा घुसी। जिस समय हादसा हुआ, उस वक्त सभी यात्री गहरी नींद में थे। अचानक एक जोरदार झटका लगा। आगे की सीटों पर बैठे लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हालांकि पीछे बैठे लोगों की चोट आई। बस यात्रियों से भरी हुई थी।

गारमेंट कंपनी आग सें....

नोएडा के सेक्टर-63 के डी-299 एसडीएस क्लोथिंग इंडिया प्रा0 लि0 नाम की गारमेंट कंपनी में, फर्स्ट फ्लोर पर सुबह आग लगने की सूचना पर फायर बिग्रेड की टीम पहुंची तब तक आग काफी फैल चुकी थी और पूरी कंपनी को अपनी चपेट में ले लिया था। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि सुबह में कोई भी कर्मचारी नहीं था। कंपनी बंद पड़ी हुई थी। बाहर के किसी गार्ड ने सूचना दी थी और सूचना भी हमें काफी देर से मिली है। फायर बिग्रेड की 10 से 12 गाड़ियां की मदद से 3-4 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग फर्स्ट फ्लोर पर लगी थी। संभावित ऐसा प्रतीत हो रहा है की इलेक्ट्रिकल शार्ट सर्किट से लगी थी। इसमें कोई भी व्यक्ति अंदर नहीं था तो इसलिए कोई भी इंजरी नहीं हुई है और न ही कोई भी जन हानि हुई है।

गाजियाबाद में वकीलों के....

यह हड़ताल वकीलों के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुटता का प्रतीक है। जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि गाजियाबाद बार एसोसिएशन के मांग पत्रों का पूरा समर्थन किया जाएगा। साथ ही, उत्तर प्रदेश और देशभर की अन्य बार एसोसिएशन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर वकीलों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी जाएगी।

हड़ताल के कारण गौतमबुद्धनगर में पूरे दिन न्यायालयों में कार्य ठप रहेगा। वकीलों ने न्यायालय परिसर में एकजुट होकर प्रदर्शन कर और गाजियाबाद लाठीचार्ज की घोर निंदा की। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता समाज के अधिकारों के लिए आगे और बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

सीएम की शव यात्रा....

नितिन भडाना, मोहित तोमर उर्फ नवाबी, जेपी यादव और बादल समेत 60 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसके अलावा एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस की तीन टीमें मामले की जांच में लगी है।

इस मामले में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी का कहना है कि जिन लोगों के खिलाफ नोएडा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है, वह सभी समाजवादी पार्टी के जुड़े हुए हैं। पुलिस ने गलत तरीके से मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्यक्रम छात्रसभा का था। सुधीर पार्टी का कहना है कि किसान और समाजवादी पार्टी से जुड़े लोग अपने हक के लिए मांग कर रहे हैं, लेकिन यह मुकदमा दर्ज करना गलत है।

युवा सपा नेता और कार्यक्रम का नेतृत्व करने वाले मोहित नागर ने कहा कि किसानों के हक नहीं मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। जब तक किसानों को उनका हक नहीं मिलता, समाजवादी पार्टी उनके साथ खड़ी रहेगी। गांव के सर्किल रेट में कोई वृद्धि नहीं हुई। नए कानून में प्रस्तावित 20 प्रतिशत प्लॉट की व्यवस्था पर संशय है।

नोएडा में सजेगा साँई....

वहीं शिर्डी के कलाकार भजन संध्या में शामिल होंगे। 29 नवंबर को श्रीमती शालिनी गुप्ता द्वारा साँई अमृतवाणी तथा 30 नवंबर को दोपहर 3:00 बजे ज्योति प्रचंड व शाम 4:00 बजे साँई नाम जाप तथा भजन संध्या होगी। 1 दिसंबर 2024 को साँई की चांदी की मूर्ति का ड्रा निकाला जाएगा। ड्रॉ की पर्ची जागरण स्थल से प्राप्त की जा सकती है।

आयोजन समिति के सदस्य श्री पवार ने बताया कि साँई दरबार में युवा गायक कुमार विजय, प्रवीण मुद्गल, बॉलीवुड फेम जॉनी सूफी तथा सूफी गायक सूफी ब्रदर्स हमसफर व हयात निजामी भी साँई के चरणों में भजन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन भगवान दीक्षित द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साँई नाम जाप हैदराबाद के शिव पंचाक्षरी गणेश करनूल ग्रुप द्वारा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि साँई जागरण के आयोजन की तैयारी में आरएस शर्मा, केशव गंगल, अजय शर्मा, दिनेश मिश्रा, दिनेश मित्तल, सुमित मनचंदा, पियूष गुप्ता, सुभाष जैन, सौरभ सिंघल, सुनील अग्रवाल, सुनील दत्ता, रमाशंकर शर्मा, रवि कुमार, पंकज गोयल, प्रवीण मदान, वरुण चुग, प्रशांत गोयल, मुकेश अग्रवाल, अनिल कुमार गुप्ता, महेश जिंदल, मुकेश जैन, प्रदीप गर्ग, प्रदीप कुमार अग्रवाल, संजय खन्ना, विक्रम कलसी, सत्यदेव पांडे, सत्यनारायण गोयल, सोहनलाल गोयल, वेदपाल चौधरी, विजय गुप्ता, नीतिश जैन तथा विजय भाई टिक्की वाला लगे हुए हैं।

आज एनजीटी अदालत....

गंभीर मानते हुए कहा कि नोएडा प्राधिकरण ने न्यायिक आदेशों को धोखे से अपने पक्ष में प्राप्त किया है।

अगस्त 2024 में नोएडा और ग्रेटर नोएडा के सीईओ को भी एनजीटी द्वारा तलब किया गया था, जहां एनजीटी के आदेशों का पालन करने के लिए कड़ी हिदायत दी गई थीं। इसके बावजूद, नोएडा प्राधिकरण 2018 के फुटपाथ दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए सड़क किनारे के हरे भरे क्षेत्रों में 5-6 मीटर तक टाइलें बिछा रहा है। जिससे वर्षा जल के अवशोषण में बाधा आ रही है और जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। आवेदक ने लगातार इन उल्लंघन के फोटोग्राफिग सबूत प्रस्तुत किए हैं, लेकिन नोएडा प्राधिकरण ने कोर्ट में झूठी जानकारी प्रस्तुत की है। ऐसे में एनजीटी ने सीईओ और डीजीएम 8 नवंबर 2024 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुई। अब इस मामले में कल एनजीटी में सुनवाई की जाएगी।

युवती का लैपटॉप....

तो उसे पता चला कि उसका बैग टेंपो में नहीं है।बैग में लैपटॉप, मोबाइल फोन, चार्जर, सन ग्लास, 2 हजार रुपए ,कोटक व आईसीआईसीआई बैंक के डेबिट कार्ड, घर की चाबी, लंच बॉक्स आदि रखे हुए थे। उसने अपने बैग की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

संदिग्ध परस्थिति में....

जिस कारण वह उसकी सही उम्र नहीं लिखवा पाई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

टीवी कंपनी से ....

डिस्प्ले बोर्ड चोरी करते हुए दिखाई दिए। उन्होंने इसकी जानकारी कासना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने एचआर मैनेजर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने चोरी की घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान का प्रयास कर रही है।

भाजपा नेता की माता का निधन

ग्रेटर नोएडा। भाजपा नेता एवं योगी सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील हरि की माता श्रीमती स्वराजवती का आज निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार खैरपुर गुर्जर गांव में शाम को 5:00 बजे किया जाएगा। यह जानकारी भाजपा नेता सुनील हरि ने दी। भाजपा नेता की माता के निधन की खबर सुनकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं सामाजिक संगठनों में गहरा दुख व्यक्त किया है।

खास खबर

मानसी को मिला कांस्य पदक

इन्दौर । नीमच में सम्पन्न हुई राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में इन्दौर की मानसी धीरज जोशी ने पदकीय सफलता प्राप्त की। मानसी ने इंदौर संभाग टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 18 वर्ष आयु वर्ग की स्पर्धा के 44 किग्रा वजन वर्ग में विपक्षी खिलाड़ियों को हराते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। बता दें कि इसके पहले वैष्णव एकेडमी में संपन्न 68वीं राज्यस्तरीय शालेय कुराश प्रतियोगिता में भी मानसी ने पदक जीता था। उन्होंने 18 वर्ष आयु की 44 किग्रा वजन वर्ग की स्पर्धा में हिस्सा लेते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया था। मानसी के कोच राहुल व्यास और महेश पुरोहित हैं।

केरल में खेलते दिखेंगे लियोनेल मेसी

नई दिल्ली। अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम अगले साल केरल में दो प्रदर्शनी मैच खेलेगी, केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुल रहमान ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की। जापान और कतर को अर्जेंटीना के लिए संभावित प्रतिद्वंद्वी माना जा रहा है और लियोनेल मेसी के टीम का हिस्सा होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा, कोच्चि अस्थायी स्थल है, हालांकि अन्य शहरों में मैच आयोजित करने की व्यवहार्यता पर भी चर्चा की जाएगी।

मंत्री ने यह भी कहा कि कुल खर्च लगभग 100 करोड़ रुपये होगा और इसे प्रायोजन के माध्यम से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य व्यापारी संघ इस आयोजन को प्रायोजित करने के लिए आगे आया है। मंत्री ने कहा कि अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) का एक प्रतिनिधिमंडल बातचीत करने के लिए जल्द ही केरल का दौरा करेगा और उसके बाद अंतिम घोषणा की जाएगी। केरल के खेल मंत्री ने इस साल की शुरूआत में स्पेन में एएफए अधिकारियों के साथ प्रारंभिक चर्चा की थी।

पर्थ टेस्ट में एक ही स्पिनर को मिलेगा अवसर

पर्थ । भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में आर अश्विन या रविन्द्र जडेजा की जगह पर युवा ऑलराउंडर नितीश रेड्डी को शामिल कर सकती है। यहां की पिचों पर तेज गेंदबाजों को सहायता मिलती है और इसी कारण अंतिम ग्यारह में केवल एक ही स्पिनर रहेगा। ऐसें में जडेजा या अश्विन में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है। युवा नितीश के होने से भारत को एक तेज गेंदबाज के साथ ही एक अच्छा बल्लेबाज भी मिल जाएगा। इस प्रकार देखा जाये तो भारतीय टीम केवल एक स्पिनर के साथ ही उतरेगी। ऐसे में नितीश को डेब्यू करने का मौका मिल सकता है। रिपोर्ट के अनुसार रेड्डी को टीम में शामिल करने से भारतीय टीम को निचले क्रम में बेहतर बल्लेबाजी मिलेगी। वह नंबर 7 या 8 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं और साथ ही गेंदबाजी कर तीन तेज गेंदबाजों का बोझ कम कर सकते हैं। रेड्डी को वैसे भी गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के साथ काफी समय बिताते हुए देखा गया है जिससे अंदाज लगाया जा रहा है कि उन्हें टीम में जगह मिलेगी। ऐसे में अधिक संभावन है कि जडेजा को पर्थ टेस्ट के प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा जा सकता है।

भारत ने लगातार दूसरी बार जीता महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब

फाइनल में चीन को 1-0 से हराया

एजेंसी

राजगीर। भारतीय महिला हॉकी टीम ने बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने बुधबार को राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में चीन को 1-0 से हरा दिया। भारतीय टीम ने तीसरी बार यह खिताब अपने नाम किया है। भारत इससे पहले 2016 और 2023 में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुका है। भारत के अलावा साउथ कोरिया भी तीन बार यह ट्रॉफी जीत चुका है। भारत की ओर से फाइनल मैच में एकमात्र गोल दीपिका ने 31वें मिनट में किया। भारतीय टीम और चीन की महिला टीम के बीच खेले गए फाइनल मैच में पहले दो

क्वार्टर में दोनों टीमों की ओर से कोई गोल नहीं आया। हाफ टाइम तक कोई भी टीम गोल नहीं दाग पाई। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत भारतीय टीम के लिए अच्छी रही। इस क्वार्टर के पहले ही मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे दीपिका ने गोल में तब्दील कर दिया। इससे भारतीय टीम 1-0 से आगे हो गई। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में और कोई गोल नहीं आया। चौथे यानी अंतिम क्वार्टर में चीन ने आगे बढ़ते हुए अधिक दृढ़ संकल्प दिखाया। हालांकि, भारत ने जल्दी ही नियंत्रण हासिल कर लिया और दो मिनट के भीतर पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया लेकिन इसे गोल में तब्दील नहीं कर सका। इसके बाद चीन ने बराबरी के लिए अपनी कोशिशें तेज कर दीं, लेकिन भारतीय रक्षा अभेद्य रही, जिसने चीन के हमलों के सभी रास्ते प्रभावी रूप से बंद कर दिए। अंत में, भारतीय टीम ने कड़ी टक्कर के साथ 1-0 की जीत के साथ अपना तीसरा एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीत लिया। बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 में भारतीय महिला हॉकी टीम की शानदार जीत के बाद हॉकी इंडिया ने सभी खिलाड़ियों को 3 लाख और सभी सहयोगी कर्मचारियों को 1.5 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। इस मौके को और भी खास बनाते हुए एशियाई हॉकी महासंघ ने प्रतियोगिता के इतिहास में पहली बार पोडियम फिनिशरों के लिए इनाम की घोषणा की है।

यशस्वी पर्थ में सफल रहा तो आगे परेशानी नहीं आयेगी : शास्त्री

एजेंसी

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रहे रवि शास्त्री ने युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया दौरे में और बेहतर बल्लेबाज के तौर पर उभरेगा। शास्त्री ने कहा कि अगर यशस्वी पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट में अच्छा स्कोर करते हैं तो उन्हें अन्य मैचों में भी परेशानी नहीं आयेगी। उन्होंने कहा, ह्यमुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया से वापसी पर वह एक बेहतर बल्लेबाज के तौर पर उभरेगा। उसकी तकनीकी और रवैया बेहद सकारात्मक रहता है। इसी कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ सफल रहा थ। वह सहजता से खेलता है जिससे गेंदबाज उसपर दबाव नहीं बना पाते। वह हालात के अनुरूप ढल जाता है। पर्थ की पिच में काफी उछाल है इसलिए यहां खेलना आसान नहीं है ऐसे में यहां सफल

रहना सबसे काफ अहम होगा। इसके लिए आपको इसके लिए तैयार रहना होगा। लेकिन यहां सफल रहने पर वह आगे अच्छा ही खेलेगा। उसे ऐसी पिचें पसंद भी है और खुलकर रन बना सकता है। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ इस साल की शुरूआत में टेस्ट सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। शास्त्री ने कहा, ह्यवह काफी चुनौतियों का सामना करके आया है इसलिए रनों की भूख और जुनून उसकी आंखों में दिखता है। वह खेल में डूब जाना चाहता है। शास्त्री जानते हैं कि ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराना आसान नहीं है।

धोनी का सीएसके के साथ ही बना रहना तय

एजेंसी

मुम्बई । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी खिलाड़ी महेन्द्र सिंह धोनी टीम में बने रहेंगे। इसका कारण है कि सीएसके के साथ धोनी का संबंध साल 2008 से है जब वह आईपीएल फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनी थी। उसके बाद उन्हें साल 2013 में इंडिया सीमेंट्स का उपाध्यक्ष (मार्केटिंग) बनाया गया। वहीं अब जबकि इंडिया सीमेंट्स का अधिग्रहण केएम बिड़ला समूह की अल्ट्राटेक सीमेंट ने कर लिया है और उसमें धोनी को

कोई भूमिका शायद ही मिले। वहीं अब कंपनी अब ग्राहकों के बीच लोकप्रिय धोनी सीमेंट अथवा सीएसके सीमेंट के नाम से मशहूर कंक्रीट सुपर किंग सीमेट को धीरे-धीरे बंद कर सकती है। धोनी के प्रवर्तकों का हिस्सा होने की संभावन इसलिए भी नहीं है क्योंकि उनका सीधा जुड़ाव सीधे ही श्रीनिवास और उनके परिवार वाली आईपीएल टीम से है। वैसे भी अल्ट्राटेक अपने नाम से ही बाजार में जाना जाता है और उसके पास सीएसके का कोई टैग भी नहीं है। अभी तक सीएसके सीमेंट के बारे में कोई फैसला अबतक नहीं लिया गया है पर माना जा रहा है कि धोनी श्रीनिवासन के साथ जुड़े हैं और जुड़े रहेंगे। अल्ट्राटेक से उनका कोई संबंध नहीं है।

माराडोना की बराबरी पर मार्टिनेज

एजेंसी

ब्यूनस आयर्स । अर्जेंटीना के लौटारो मार्टिनेज ने पेरू के खिलाफ विश्वकप फुटबॉल क्वालीफायर मुकाबले में गोल कर महान खिलाड़ी डिएगो माराडोना के राष्ट्रीय टीम की ओर से 32 गोल करने रिकार्ड की बराबरी की है। मार्टिनेज के नाम इस मैच से पहले 31 गोल थे और वह माराडोना से केवल एक गोल ही पीछे थे। वहीं इस सूची में अर्जेंटीन के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी 112 गोल के साथ ही नंबर एक पर हैं। मार्टिनेज के दूसरे हाफ में किये गोल के कारण पेरु के खिलाफ मिली 1-0 की जीत से फीफा विश्व कप क्वालीफायर में अर्जेंटीना का शीर्ष स्थान पर कब्जा

और मजबूत हुआ है। मार्टिनेज ने कहा, प्रदर्शन, गोल और खेले गए मैचों के मामले में यह एक शानदार साल रहा है। हमें खेलते रहना है और हर दिन और बेहतर करना है। अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम हमेशा ही आगे रही है। हमें भी कुछ चीजें सुधारने की हैं क्योंकि हर टीम हमें हराना चाहती है। मार्टिनेज ने पेरु के साथ गोल के साथ ही इस साल का अपना 11वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया। वह अर्जेंटीना के लिए एक कैलेंडर वर्ष में 10 गोल करने वाले केवल तीसरे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले गैब्रियल बतिस्तुता (1998 में 12) और मेसी (2012 में 12 और 2022 में 18) ने गोल किए थे। इस जीत से अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंकों के साथ ही अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है, इस प्रकार वह उरुग्वे से पांच अंक आगे है जबकि पेरू केवल सात अंकों के साथ ही सबसे निचले स्थान पर है।

इन्दौर के चार खिलाड़ी ताइक्वांडो स्पर्धा में भारतीय टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व

एजेंसी

इन्दौर । इन्दौर के चार खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा में भारत की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। वर्ल्ड ताइक्वांडो द्वारा प्रथम वर्ल्ड पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा 26 से 27 नवंबर तक बहरीन में आयोजित की जा रही है, जिसमें इन्दौर के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। ये खिलाडी इंडिया टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनमें पी- 50 महिला वर्ग में सपना शर्मा (इन्दौर), पी- 53 महिला वर्ग में सपना चैहान, (इन्दौर), पी- 51 महिला वर्ग में पिंकी दुबे (इन्दौर), पी- 52 पुरुष वर्ग में भविष्य जैन प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच मिथिलेश कैमरे ने बताया कि मध्य प्रदेश में पहली बार दिव्यांग बच्चे वर्ल्ड पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा में खेलेंगे। ये खिलाड़ी व्हीलचेयर पर है।

ऑस्ट्रियाई क्रिकेट ने इजरायल क्रिकेट से मांगी माफी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रियाई क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने 10 जून को पुरुषों के टी20 विश्व कप यूरोप क्वालीफायर ए मैच से पहले इजरायल क्रिकेट एसोसिएशन (आईसीए) और इजरायल क्रिकेट टीम से किसी भी तरह की चोट या अपराध के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। हालांकि घटना की बारीकियाँ अभी तक अज्ञात हैं, आईससी के एक बयान में कहा गया है कि एसीए ने जिम्मेदार खिलाड़ी के साथ इस मुद्दे को सुलझाने के लिए त्वरित कार्रवाई की है, और एसीए की अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं के अनुसार खिलाड़ी पर उचित अनुशासनात्मक प्रतिबंध लगाए हैं। घटना के बाद, आईसीसी ने एसीए और आईसीए के बीच समझौता प्रक्रिया आयोजित की, ताकि आईसीसी के भेदभाव-विरोधी कोड के अनुसार, सहमति से समाधान निकाला जा सके।

पर्थ में राहुल और यशस्वी के पारी शुरू करने की संभावना

▸ तीसरे नंबर को लेकर संशय कायम

एजेंसी

पर्थ । भारतीय टीम 22 नवंबर से यहां मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट मैच खेलने के लिए उतरेगी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा पहले टेस्ट से बाहर हैं। वहीं युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की अंगुली में फ्रैक्चर है। रोहित के बाहर होने से भारतीय टीम इस मैच किसी सलामी जोड़ी के साथ उतरेगी और मो शमी के नहीं होने से तीसरी तेज गेंदबाज के तौर पर कौन उतरेगा ये सवाल उठ रहे हैं। जहां तक पारी की शुरूआत की बात है वह केएल राहुल और यशस्वी जायस्वाल के करने की उम्मीद है। इसका कारण ये ही कि एक अन्य खिलाड़ी

अभिमन्यु ईश्वरन रेस में जरुर हैं पर उनका रिकार्ड ऐसा नहीं है कि उन्हें सीधे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अवसर दिया जाये। नेट्स को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि अनुभवी राहुल को अभिमन्यु पर वरीयता दिया जाना तय है। अभिमन्यु ने इंडिया ए की ओर से भी ऑस्ट्रेलिया में अपने प्रदर्शन से किसी को प्रभावित नहीं किया है। पहले टेस्ट मैच में शुभमन के खेलने की संभावना बहुत कम हैं। ऐसे में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए टीम इंडिया बैकअप के रुप में पडिक्कल को अवसर दे सकती है। पडिक्कल ने भारत ए की ओर अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में खेलने का अनुभव भी है। वहीं ये भी हो सकता है कि विराट कोहली को तीसरे नंबर पर भेजा जाये हालांकि इसकी संभावना कम है। टीम प्रबंधन विराट का क्रम शायद ही बदले।

वहीं अंतिम रास्ता ये है कि ध्रुव जुरेल को तीसरे नंबर पर उतारा जाये। इसके अलावा नीतीश रेड्डी को दूसरे ऑलराउंडर के तौर पर मौका दिया जा सकता है। नीतीश गेंदबाजी भी करते हैं, ऐसे में टीम को एक तेज गेंदबाज भी मिल जाएगा। वहीं गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे, उनके जोड़ीदार के तौर पर मो सिराज होंगे। वहीं तीसरे और चौथे तेज गेंदबाज के लिए आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा के साथ-साथ हर्षित राणा भी एक विकल्प होंगे।

बुमराह का सामना करना बेहद कठिन : हेड

एजेंसी

पर्थ । ऑस्ट्रेलियई क्रिकेटरों का मानना है कि भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बॉडर-गावस्कर सीरीज में अहम भूमिका निभा सकतो है। ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी उनको लेकर कितने परेशान है उसका अंदाजा हेड के सोशल मीडिया में आये इस बयान से लगाया जा सकता है जिसमें उन्होंने कहा कि बुमराह का सामना करना बेहद कठिन रहेगा। वहीं पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने कहा कि वह कब आकर अपनी गेंदबाजी से मैच बदल दें कहा नहीं जा सकता। बुमराह शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट में

भारत की कप्तानी करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा इस मैच से बाहर हैं। आस्ट्रेलिया के कई वर्तमान और पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि जीत के लिए बुमराह को रोकना जरुरी होगा। बुमराह को लेकर ये डर वेवजह नहीं है। बुमराह ने पिछले दो टेस्ट दौरों पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ 32 विकेट लिए थे।

हेड ने कहा, ह्यउसका सामना करना बेहद कठिन है। आपको लगता है कि आप एक कदम आगे हैं लेकिन हमेशा वह आपसे एक कदम आगे निकलता है। खेल के किसी भी प्रारूप में वह सबसे अलग है। वह एक्स फैक्टर है और हर मैच में छाप छोड़ने वालों में से है। बड़े मैचों में आपको बड़े खिलाड़ी चाहिये और वह सबसे बड़ा है। वह बल्लेबाजों की परेशानी का कारण बनने वाला है। बुमराह का गेंदबाजी एक्शन भी पारंपरिक नहीं है जिससे भी उन्हें समझना कठिन होता हे। वहीं सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा, ह्यजब मैने पहली बार बुमराह का सामना किया तो मुझे लगा कि अरे यह अचानक कहां से आ गया। उसके एक्शन और गेंद छोड़ने के तरीके की वजह से वह थोड़ा जल्दी आता है।

रफल नडाल ने टेनिस से लिया संन्यास

एजेंसी

मलागा। स्पेन के टेनिस स्टार रफल नडाल ने खेल से संन्यास ले लिया है। यहां हुए डेविस कप क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड्स के हाथों स्पेन की हार के साथ ही नडाल का करियर समाप्त हो गया। अपने इस अंतिम टूनार्मेंट में नडाल को बॉटिक वैन डे जैस्चुल्प ने 6-4, 6-4 से हराया। डेविस कप के साथ ही टेनिस से विदा होते हुए 38 साल के नडाल भावुक हो ये और उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि मैं खुशकिस्मत था जो अपने शौक को करियर बना सका और इतनी सफलता हासिल कर सका। 22 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले इस खिलाड़ी ने कहा

कि डेविस कप में वह अपना पहला मैच हार गए थे और अब अपना अंतिम मैच भी हार गये। इस तरह उन्होंने एक सर्किल को पूरा कर लिया है। नडाल का नाम विश्व के महाने टेनिस खिलाड़ियों में शामिल है । पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रहे नडाल सर्बिया के नोवाक जोकोविच के बाद दूसरे सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच के नाम 24 खिताब हैं जबकि नडाल के नाम 22 खिताब हैं। फ्रैंच ओपन के सबसे सफल खिलाड़ी होने की वजह से उन्हें लाल बजरी का बादशाह भी कहा जाता है। 22 ग्रैंड स्लैम में से 14 खिताब उन्होंने फ्रैंच ओपन के रुप में जीते हैं। इसके अलावा 4 बार वर ओपन और 2-2 बार विबंलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किए। नडाल ने अपने करियर में 1080 एकल खिताब जीते हैं। इसके सात ही वह 209 हफ्तों तक लगातार वर्ल्ड नंबर 1 रहे। उनके नाम 92 एकल खिताब भी हैं।

ऑस्ट्रेलिया से कमजोर नजर आ रहा भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण

▸ कमिंस से भी कम हैं भारतीय गेंदबाजों के कुल विकेट

एजेंसी

पर्थ । भारतीय टीम के इस बार ऑस्ट्रेलिया दौरे में गेंदबाजी आक्रामण को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा बाकि गेंदबाज नये हैं और टीम में अनुभव की कमी है। ऐसे हालातों में वे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के सामने वे कहीं नहीं टिकते। भारतीय दल में शामिल सभी छह तेज गेंदबाजों के टेस्ट विकेट मिलाकर भी पैट कमिंस से कम हैं। कमिंस के विकेट 269 हैं जबकि भारतीय गेंदबाजों के कुल

विकेट भी 265 है। इससे दोनो के बीच का अंतर पता चलता है। अपनी धरती पर ऑस्ट्रेलियाई टीम के गेंदबाज उछाल भरी पिचों पर और भी घातक हो जाते हैं। की वहीं पिच जब ऑप्टस स्टेडियम की हो तो यह तय है कि ये उसकी तेजी के कारण हावी रहेंगे हालांकि हालात भारतीय तेज गेंदबाजों के लिए भी वही होंगे पर अनुभवी की कमी उनके आड़े आ जाएगी। इसके अलावा हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भातरीय गेंदबाज असफल रहे थे और उन्हें इससे भी उबरना होगा। नियमित कप्तान रोहित शर्मा के पहले टेस्ट से बाहर होने के कारण बुमराह को गेंदबाजी के साथ ही कप्तानी की भी जिम्मेदारी संभालनी होगी। उन्हें खुद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के साथ ही अन्य गेंदबाजों से भी अनका सबसे अच्छा प्रदर्शन निकलवाना होगा। तेज गति और उछाल वाली पिच पर गेंदबाजों के लिए सही लेंथ का चुनाव सबसे अहम होता है। बुमराह के अलावा मोहम्मद सिराज ही केवल ऑस्ट्रेलिया की हालातों को कुछ जानते हैं। बुमराह कमान संभालेंगे तो सिराज को दूसरे छोर से अपना बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। सिराज का हालिया प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में अन्य गेंदबाजों का भी अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करना होगा।

भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने हालांकि गेंदबाजी को ठीक बताया है। उन्होंने कहा, गेंदबाजों ने अभ्यास में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने हालातों को बहुत अच्छी तरह से समझा। मुझे लगता है कि हम 22 तारीख के लिए सही दिशा में आगे बढ़ रहे है। मोर्कल ने पिछले कुछ समय से खराब लय में चल रहे सिराज का बचाव करते हुए कहा, वह शानदार गेंदबाज और मजबूत मानसिकता वाला इंसान हैं। गेंदबाजी में उनका रवैया आक्रामक रहता है और वह भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण में शीर्ष पर हैं। मैं इस दौरे पर उनके प्रदर्शन को देखने का इंतजार कर रहा हूं। सिराज ने 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे पर तीन मैचों में 29.53 औसत से 13 विकेट लिए थे।



मलागा में डेविस कप टेनिस फाइनल मैच के बाद दर्शकों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते हुए स्पेन के रफल नडाल।

वैज्ञानिक तकनिकी से सरसों की खेती

श्रवण लाल जाट, शीशपाल चौधरी एवं महेन्द्र चौधरी
विद्यावाचस्पति शोध छात्र, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर 303329

सरसों राजस्थान की प्रमुख तिलहनी फसल हैं। सरसों की फसल सिंचित क्षेत्रों एवं संरक्षित नमी के बारानी क्षेत्रों में ली जा सकती हैं। यह फसल कम सिंचाई सुविधा और कम लागत में भी अन्य फसलों की तुलना में अधिक लाभ प्रदान करती है। इसकी पत्तियाँ हरी सब्जि के रूप में प्रयोग की जाती है तथा सूखे तनो को ईधन के रूप में प्रयोग किया जाता हैं। सरसों के तेल में तीव्र गंध सिनिग्रिन नामक एल्केलॉइड के कारण होती हैं।

मृदा:- सरसों की खेती रेतिली से लेकर भारी मटियार मृदाओं में की जा सकती हैं। बुलई दोमट मृदा सर्वाधिक उपयुक्त होती हैं।

खेत की तैयारी:- खरीफ फसल की कटाई के बाद एक गहरी जुताई करनी चाहिए तथा इसके बाद 3-4 बार देशी हल से जुताई करना लाभप्रद होता हैं। जुताई के बाद पाटा लगाकर खेत को तैयार करना चाहिए असिंचित खेत्रो में वर्षा के पहले जुताई करके खरीफ मौसम में खेत पडती छोडना चाहिए जिससे वर्षा के पानी का संरक्षण हो सके।

उन्नत किस्में:-

पूसा बोल्ड:- मध्यम कद कद वाली इस किस्म के 1000 दानो का वजन 6 ग्राम के लगभग होता हैं। यह किस्म 103-135 दिन मे पककर तैयार हो जाती है व औसत वजन 12-15 क्विंटल प्रति हैक्टयर तक देती हैं इस किस्म में तेल की की मात्रा 37-38 प्रतिशत तक होती हैं।

पूसा जय किसान:- इस किस्म की उँचाई लगभग 180 सेमी.होती है। यह किस्म 115-120 दिन में पककर तैयार हो जाती है तथा 18 से 20 क्विंटल उपज देती है। इस किस्म में तेल की मात्रा 40-41 प्रतिशत होती हैं।

क्रान्ति:- यह किस्म असिंचित क्षेत्रो में बुवाई के लिये उपयुक्त है व इस किस्म के पौधे 155-200 सेमी.उचे, पत्तियां रोयेदार, तना चिकना और फूल हल्के पीले रंग के होते है। 125-130 दिन में पककर तैयार हो जाती है। तुलासिता व सफेद रोली रोधक हैं।



वसुन्धरा ;आरएच.9304द्ध:- यह किस्म 130-135 दिन में पककर तैयार हो जाती है। यह किस्म फली चटकने से प्रतिरोधी है तथा सफेद रोली से मध्यम प्रतिरोधी है। इस किस्म की पैदावार 25-27 क्विंटल प्रति हैक्टयर तक होती है।

आर एच 30:- यह किस्म सिंचित व असिंचित दोनो ही स्थितियों में गेहुँ, चना एवं जौ के साथ मिश्रित खेती के लिये उपयुक्त है। इस किस्म के पौधे 196 सेन्टीमीटर उँचे, 5-7 प्राथमिक शाखाओ वाले एवं पत्तियां मध्यम आकार की होती हैं। 130-135 दिन में पक जाती है।

वरूणा ;टी 59द्ध:- यह किस्म 125-130 दिन मे पककर तैयार हो जाती हैं। इसकी औसत उपज 10-12 क्विंटल प्रति हैक्टयर होती है इस किस्म में तेल की मात्रा 36 प्रतिशत होती हैं। यह मोयला के प्रति प्रतिरोधक क्षमता रखती हैं।

लक्ष्मी:- यह किस्म 140-150 दिन में पककर तैयार हो जाती है। इसमे तेल की मात्रा 40-41 प्रतिशत होती है इसकी औसत उपज 20-40 क्विंटल प्रति हैक्टर होती है।.

बीज दर:- शुष्क क्षेत्रों में 4-5 किलोग्राम तथा सिंचित क्षेत्रो में 25 किलोग्राम बीज प्रति हैक्टयर पर्याप्त रहता हैं।

बाजोपचार:- बुवाई से पहले बीज को 25 ग्राम मैन्कोजेब प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें।

बुवाई का समय एवं विधि

सरसों की बुवाई बारानी क्षैत्रों में 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक करनी चाहिये। सिंचित क्षेत्रों में इसकी बुवाई अक्टूबर के अन्त तक कर देनी चाहिये। सरसों की बुवाई कतारों में करनी चाहिए। कतार से कतार की दूरी 30 सेमी.तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 सेमी.रखनी चाहिए। सिंचित क्षेत्रों में बीज की गहराई 5 सेमी.तक रखी जाती है।

खाद एवं उर्वरक

बुवाई के 3-4 सप्ताह पूर्व 8-10 टन प्रति हैक्टर अच्छी सडी हुई गोबर की खाद का प्रयोग करे। सिंचित फसल में 60 किलो नाइट्रोजन, 30 से 40 किग्रा.फॉस्फोरस एवं 250 किग्रा.जिप्सम प्रति हैक्टयर की दर से डालना चाहिए। नाइट्रोजन की आधी मात्रा व फॉस्फोरस की पूरी मात्रा बुवाई के समय उर कर देवें। तथा शेष नाइट्रोजन पहली सिंचाई के साथ देना चाहिये।

पादप संरक्षण:-

मोयला:- मोयला की रोकथाम हेतु मैलाथियान 50 ईसी. सवा लीटर या क्लोरोपायरीफॉस 20 ईसी 600 मिलीलीटर प्रति हैक्टर की दर से पानी में मिलाकर छिडकाव करें।

पेन्टेड बग व आरा मक्खी:- यह कीट अंकुरण के 7-10 दिन बाद अधिक नुकसान पहुचाते है। इनकी रोकथाम के लिए क्यूनालफॉस15 प्रतिशत या मिथाइल पैराथियॉन 2 प्रतिशत चूर्ण 20 से 25 किग्रा.प्रति हैक्टर की दर से प्रातः या सांयकाल भुरके।

सफेद रोली व तुलासिता:- इन रोगों के लक्षण दिखाई देते ही फसल बोने के 45, 60 व 75 दिन बाद मैन्कोजेब 2 किग्रा.प्रति हैक्टर की दर से पानी में मिलाकर छिडकाव करें।

छाछ्या:- रोग के लक्षण दिखाई देते ही प्रति हैक्टर 20 किग्रा.गंधक चूर्ण का छिडकाव करें।

सूखे खेतों से लें गेहूं की भरपूर फसल



खेत की तैयारी : असिंचित दशा में गेहूं की खेती लगभग हर गेहूं उगाने वाले राज्य में की जाती है, लेकिन गेंहू के खेत की तैयारी प्रचलित पद्धतियां हर एक राज्य में भूमि की सतह, मिट्टी की किस्म तथा जलवायु के अनुसार भिन्न-भिन्न है। मध्यप्रदेश में ज्यादातर गेहूं असिंचित दशा में उगाया जाता है। खेत की तैयारी तीन विधियों से की जाती है-

खुले खेत की तैयारी: इंदौर, ग्वालियर क्षेत्र, सागर, छिंदवाड़ा बालाघाट और मंडला जिले में खेत को खरीफ में खुला खाली रखते हैं। मई-जून में किसान खेत को देशी हल (बखर) से जुताई कर देते हैं। इसके बाद जून से सितम्बर तक जब वर्षा नहीं होती है 3 से 4 बार बरवर (जुताई) किसान कर देते हैं। अंतिम बखर अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में किया जाता है। इसके बाद गेहूं की बुआई पोरा, नारी या बांस की नली देशी हल के पीछे लगाकर की जाती है।

नमी की सुरक्षा : असिंचित गेंहू की खेती के लिए मानसूनी वर्षा का पूरा-पूरा उपयोग करना जरूरी है। यदि संभव हो तो मानसून आने से पहले या बाद में 75 सेमी लगभग गहरी जुताई कर दें। इसके बाद खेत के चारों तरफ ऊंची मेड़ें बांध दें ताकि वर्षा का पानी खेत में रूका रह सके। इससे वर्षा का पानी भूमि में अच्छी तरह प्रवेश कर जाता है। इस तरह भूमि में काफी जीवांश मिल जाता है, जीवाणुओं (गहरी जुताई से भूमि में पत्तियां, जड़े तथा हरे पौधों के डंठल भूमि के अंदर चले जाते हैं) का कार्य बढ़ जाता है, मिट्टी की बनावट सुधर जाती है तथा भूमि में नमी को बचाकर रखने की क्षमता भी बढ़ जाती है।

जातियां : मध्यप्रदेश के लिए असिंचित एवं अर्धसिंचित अवस्था हेतु पिसी किस्म के गेहूं की श्रेणी में प्रचलित सी-306 सुजाता, नर्मदा-4, नर्मदा-112 प्रचलित हैं। कठिया गेहूं के लिए ए 9-30-1 और मेघदूत प्रचलित हैं। इसके अतिरिक्त कुछ नई किस्मों का विकास हुआ है जिसमें जेडब्ल्यू-17 और जेडब्ल्यू-3173, एचडब्ल्यू-2004 हैं। नवीनतम पिसी किस्म एचआई-1500, एमपी-3020 और कठिया किस्म एचडी-4672 (अमर) व एचआई-8627 को भी बोने की सिफारिश की गई है।

राजस्थान के लिए असिंचित दशा में ए-9-30-1, डी-134 (दक्षिण राजस्थान), खरचिया 65 (पश्चिमी राजस्थान की ऊसर भूमि), आरएस 31-1 (पश्चिम राजस्थान), सी-306, मुक्ता, जेयू-12, सुजाता (दक्षिण-पूर्वी राजस्थान), सी-306, आईडब्ल्यूपी-72, डब्ल्यूएल-410, डब्ल्यूएल-2265, डब्ल्यूएच-331, व पीबीडब्ल्यू-65 (पूर्वी राजस्थान) को बोने की सिफारिश की गई है।

बुआई का समय : असिंचित खेती में बुआई के समय का ध्यान रखना जरूरी हैं। बुआई देर से करने पर नमी कम हो जाने का डर रहता है। तथा बीज कम जमता है। बुआई 20 से 25 अक्टूबर तक कर देनी चाहिए, क्योंकि उस समय भूमि में नमी अच्छी होती है।

बीज की मात्रा और बुआई का तरीका : बीज की मात्रा, बीज के आकार के अनुसार 100 से 125 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर के लिए काफी होता है। बीज को 4-5 सेमी की गहराई में बोयें और कतार से कतार की दूरी 25 सेमी रखें। कतार से कतार की दूरी ज्यादा होने पर पौधों में पानी के लिए प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है। तथा बढ़ने के लिए सभी को उचित मात्राा में नमी मिलती रहती है। बुआई करने से पहले जड़ और पद गलन आदि बीमारियों को रोकने के लिए थायरम नामक फफूंदनाशक दवा से बीजोपचार कर बीज बोना चाहिए। 100 किलोग्राम बीज के लिए 250 ग्राम थायरम उपयोग करना चाहिए।

उर्वरक प्रयोग : सस्य परीक्षणों के आधार पर यह निष्कर्ष निकला है कि असिंचित दशा में गेहूं के लिए बुआई करते समय 87 किलो यूरिया और 175 किलो सिंगल सुपर फास्फोरस प्रति हेक्टेयर की दर से भूमि में सीडड्रिल या देशी हल द्वारा कूड़ों में 10 सेमी गहरा डालें। असिंचित खेती में गेहूं की खेती के लिए कम से कम तीन साल में एक बार कम्पोस्ट या गोबर खाद 50-60 गाड़ी प्रति हेक्टेयर बुआई के 10 से 15 दिन पहले खेत में डालकर मिट्टी में मिला देना चाहिए। खाद अच्छी प्रकार सड़ी हुई होना चाहिए। इससे भूमि के कणों की संरचना सुधर जाती है, जीवाणुओं का कार्य अच्छी तरह होता है। तथा खेत में नमी रोक रखने की शक्ति भी बढ़ जाती है। 3 प्रतिशत यूरिया का घोल बनाकर पत्तियों पर छिड़का जाय तो उससे गेहूं की पैदावार काफी बढ़ जाती है। यूरिया का पत्तियों पर छिड़काव बुआई के 45-50 दिन बाद शुरू करना चाहिए। और 15 से 20 दिन के अंतर पर 2 से 3 छिड़काव करना चाहिए। (3 किलोग्राम यूरिया को 100 लीटर पानी में घोलने से 3 प्रतिशत यूरिया का घोल बन जाता है।) 600 से 700 लीटर यूरिया के घोल को प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। प्रयोगों द्वारा सिद्ध हो गया है कि पत्तियों पर छिड़की गई यूरिया का शोषण जल्दी हो जाता है और इसका उपयोग पौधे पूरी तरह कर लेते है। असिंचित दशा में नमी संरक्षण से गेहूं की उपज पर लाभकारी उर्वरकों का प्रभाव पड़ता हैं ।

ईसबगोल की उन्नत खेती

जलवायु : ईसबगोल की फसल को शीतोष्ण जलवायु की आवश्यकता होती है। जिसे रबी के मौसम में उगाया जाता है । इसके लिए अधिक एवं नमयुक्त जलवायु उपयुक्त नहीं होती है। अंकुरण के लिए 20 से 25 डिग्री सेल्सियस तापक्रम कर आवश्यकता होती है एवं उचित बढ़वार हेतु 30 से 35 डिग्री सेल्सियस तापक्रम की आवश्यकता होती है।

भूमि : ईसबगोल की अच्छी पैदावार के लिए अच्छी जल निकास वाली बलूई दुमट मिट्टी उपयुक्त होती है ।

खेत की तैयारी : इसका बीज काफी हल्का होता है इस कारण खेत अच्छी तरह से तैयार होना चाहिए जिससें बीज उचित गहराई एवं दूरी पर गिर सकें। खेत की तैसारी हेतु दो बार आड़ा एवं खड़ा जुताई कर लेवें इसके बाद उसमें पाटा चलाकर जमीन को भूरभूरी एवं समतल कर लेना चाहिए। खेत तैयार होने पर 6×3 मीटर के आकार की क्यारियां बनाएं। क्यारियों की लम्बाई एवं चौड़ाई खेत की ढलान के अनुसार कम या अधिक भी कर सकते हैं।

प्रमुख जातियां : जवाहर ईसबगोल-4, गुजरात ईसबगोल-1 एवं गुजरात ईसबगोल-2 आदि उन्नतशील किस्में हैं। मध्यप्रदेश के लिए जवाहर ईसबगोल-4 किस्म के लिए अनुमोदित किया गया है।

बीज की मात्रा एवं बीजोपचार : बीज की मात्रा बोने की विधि पर निर्भर करता है कि हम किस विधि से बीज बो रहे हैं कतार विधि से अथवा छिटकवां विधि से। सामान्यतः 4-5 किलो बीज प्रति हेक्टयर की आवश्यकता होती है। बीज उपचार के लिए 1 ग्राम बाविस्टीन एवं 2 ग्राम डायथेन एम 45 या मेटालेक्सिल 35 एस.डी. 6 ग्राम को प्रति किलो बीज की दर से शुष्क बीजोपचार विधि से उपचारित करें।

बोने का समय : ईसबगोल की बुवाई अक्टूबर के द्वितीय सप्ताह से नवम्बर के प्रथम सप्ताह तक अवश्य देना चाहिए।

बोने की विधि : 1. कतार द्वारा, 2. छिटकवां विधि द्वारा

1. यदि कतार के द्वारा बोते हैं तो कतार से कतार की दूरी 30 से.मी. और पौध की दूरी 5 से.मी. रखी जाती है। बोने के पहले बीज में समान मात्रा में रेत मिलाकर बोना चाहिए।
2. छिटकवां विधि से बोने पर बीज को अधिक गहरा न बोयें । 2 से 3 से.मी. से अधिक गहरा बीज न बोयें।

गोबर खाद : 5 टन प्रति हेक्टयर की दर से देना चाहिए। गोबर खाद को खेत की तैयारी के समय खेत में मिला देना चाहिए। यूरिया 130 प्रति हेक्टयर देना चाहिए। आधी मात्रा बोते समय, शेष प्रथम सिंचाई के समय, सिंगल सुपर फास्फेट 250 किलो प्रति हेक्टेयर एवं म्यूरेट ऑफ पोटाश 33 किलो प्रति हेक्टेयर देना चाहिए।

सिंचाई : बुवाई के तुरंत बाद अच्छे अंकुरण के लिए हल्की सिंचाई कर देना चाहिए। प्रथम सिंचाई 30 दिन में कल्ले निकलते समय एवं द्वितीय सिंचाई बाली निकलते समय कर देना चाहिए। फूल एवं दाना भरते समय सिंचाई न करें।

निंदाई एवं गुड़ाई : 20 से 25 दिन बाद निंदाई अवश्य रूप से कर देना चाहिए। साथ में छनाई के भी कार्य कर देना चाहिए तथा पौध से पौध की दूरी 5 से.मी. रखना चाहिए।

कटाई : 115 से 120 दिन में पक जाती है एवं पत्तियां सूखकर गिर जाती हैं तथा बालियों को मसलने पर दानें आसानी से बाहर आ जाते हैं उस अवस्था में फसल को काटकर अलग कर लेना चाहिए। गहाई : काटने के पश्चात फसल को धूप में अच्छी तरह से सुखा लेना चाहिए इसके बाद डंडे से पीटकर दाने अलग कर लेना चाहिए ।



कृष 4 से वापसी करेंगे ऋतिक रोशन

फिल्म निर्देशक राकेश रोशन ने अपने निर्माता के किरदार पर ध्यान केंद्रित किया है। हाल ही में उन्होंने घोषणा की है कि वे निर्देशन से रिटायरमेंट ले रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वे कृष 4 को प्रोड्यूस करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने प्रोडक्शन हाउस से अपने बेटे की फिल्म बनाने वाले हैं।

क्रिश 4 लेकर आ रहे हैं राकेश रोशन

राकेश रोशन ने कहा कि उन्हें नहीं लगता है कि वे कभी निर्देशन करेंगे। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही कृष 4 को लेकर घोषणा करेंगे। बता दें कि राकेश रोशन ने ऋतिक रोशन की फिल्म बैंग बैंग, वॉर और फाइटर को भी प्रोड्यूस किया है। उन्होंने कहा, कृष जल्द ही वापस आ रहा है।

क्रिश के पिछले पार्ट को भी पसंद करते हैं प्रशंसक

राकेश रोशन ने 2003 में साइंस-फिक्शन फिल्म कोई मिल गया के साथ इस फ्रेंचाइजी की शुरुआत की थी। उन्होंने 2006 में कृष के साथ इसे सुपरहीरो सीरीज में विस्तारित किया, इसके बाद 2013 में कृष 3 बनाई। ऋतिक रोशन ने पूरी सीरीज में रोहित और उनके बेटे कृष्णा, जिन्हें कृष के नाम से भी जाना जाता है, दोनों की भूमिका निभाई।

फाइटर बने ऋतिक रोशन

वर्कफ्रंट की बात करें तो ऋतिक रोशन को उनकी हालिया फिल्म फाइटर में देखा जा चुका है। इस फिल्म में उन्हें अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण के साथ स्क्रीन साझा करते हुए देखा गया था। पिछले साल हुई कृष 4 की घोषणा के बाद से यह लगातार चर्चा में बनी हुई है। सिनेमप्रेमी इसके बारे में हर चीज जानने के लिए काफी उत्सुक हैं और इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार भी कर रहे हैं। ऐसे में यह खबर उनके लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है।

यो यो हनी सिंह के म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी नोरा फतेही

ग्लोबल सेंसेशन नोरा फतेही ने एक बार फिर अपने नवीनतम सहयोग से सुर्खियां बटोरी हैं। इस बार प्रतिष्ठित रैपर यो यो हनी सिंह के साथ, नोरा उनके आगामी संगीत वीडियो पायल में उनके बहुप्रतीक्षित एल्बम ग्लोरी से अभिनय करेंगी। सोशल मीडिया पर नोरा ने म्यूजिक वीडियो का टीज़र पोस्ट किया और इसे कैप्शन दिया, यह अगली बड़ी चीज़ का समय है। एल्बम ग्लोरी से पायल का आधिकारिक संगीत वीडियो जिसे यो यो हनी सिंघ द्वारा गाया है एवं फीचर नोरा फतेही है और इसे पाराडोक्स पर कल जारी किया गया। इससे पहले, हनी सिंह ने सोशल मीडिया पर पर्दे के पीछे की एक रील साझा की थी, जिसमें खुलासा किया था कि उन्होंने संगीत वीडियो को -3 डिग्री सेल्सियस तापमान में फिल्माया है। नोरा के समर्पण की प्रशंसा करते हुए उन्होंने उन्हें महान और बहुत मेहनती बताया। नोरा हर नए प्रोजेक्ट के साथ अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित करना जारी रख रही हैं, एक अभिनेत्री, डांसर और गायिका के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं, जिससे एक ग्लोबल स्टार के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत होती है। अब, जैसा कि टीज़र में देखा गया है, नोरा के शानदार डांस मूव्स दृश्यों को खूबसूरत बना रहे हैं, संगीत वीडियो उत्साह बढ़ाने के लिए तैयार है, जो प्रशंसकों के लिए एक शानदार उपहार होने का वादा करता है। 46 मिलियन से अधिक इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के साथ नोरा ने खुद को एक अंतरराष्ट्रीय सनसनी के रूप में मजबूती से स्थापित कर लिया है। वह वर्तमान में अपनी पहली तेलुगु फिल्म मटका की शानदार प्रतिक्रिया का आनंद ले रही हैं, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा है। हाल ही में, उन्होंने पेरिस फैशन वीक 2024 में भी ब्रांड के सिग्नेचर डिजाइनों में लुई वुइटन शो में शानदार प्रदर्शन करते हुए तहलका मचा दिया। अपनी उल्लेखनीय श्रृंखला को जोड़ते हुए, नोरा अंतर्राष्ट्रीय कलाकार जेसन डेरुलो के साथ एक और संगीत वीडियो की रिलीज़ के लिए भी तैयारी कर रही है।

क्या अहसास चन्ना और तारुक रैना डेट कर रहे हैं?



के एक्टर अहसास चन्ना और तारुक रैना, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के दो बेहतरीन स्टार्स हैं, जिनके बारे में अफवाह है कि वे एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हाल ही में, अहसास चन्ना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने को-स्टार तारुक रैना के साथ एक प्यारी सी तस्वीर शेयर की, जिसके कैप्शन में एक ऑरेंज हार्ट बना हुआ है। आप को बता दें मिसमैच्ड के तीसरे सीजन में साथ नज़र आएंगे , लेकिन अहसास चन्ना और तारुक रैना के प्रशंसक खुद को उनकी तारीफ करने से नहीं रोक पाए। जैसे ही अहसास ने अपने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर की, उनके प्रशंसक तुरंत ही कमेंट सेक्शन में अपनी विचार शेयर करना शुरू कर दिया । एक कमेंट में लिखा था, सबसे प्यारे, जबकि दूसरे में लिखा था, करो ना ऑफिशियल प्लीज। एक और कमेंट में लिखा था, आप दोनों साथ में कमाल के लग रहे हैं। जहाँ कई यूज़र्स ने दोनों की तारीफ़ की, वहीं कई ने दिल और बुरी नज़र वाले इमोजी बनाए। अहसास चन्ना और तारुक रैना ने खुद को डिजिटल स्पेस में इस्टेब्लिश कर लिया है, और उनके बहुत सारे प्रशंसक हैं। उनकी डेटिंग की अफ़वाहें पब्लिक फिगर के रूप में उनके आकर्षण को और बढ़ाती हैं। जहाँ अहसास ने टेलीविज़न और डिजिटल डोमेन में खुद के लिए जगह बनाई है, वहीं तारुक कई वेब शो का हिस्सा रहे हैं। इस बीच, मिसमैच्ड में उनके सहयोग की लोगों के बीच बहुत चर्चा हुई, जिससे वे सबसे ज़्यादा पसंद की जाने वाली ऑन-स्क्रीन जोड़ी बन गए। अब, अहसास और तारुक मिसमैच्ड के तीसरे सीज़न के साथ लोगों को खुश करने के लिए तैयार हैं। प्राजक्ता कोली और रोहित सराफ अभिनीत मिसमैच्ड 3 जल्द ही स्ट्रीम होने वाली है।

पांचवीं बार निर्देशन की कमान संभालेंगे अजय देवगन

अजय देवगन और अक्षय कुमार की हालिया रिलीज फिल्म सिंघम अगेन सिनेमाघरों मे लगी हुई है। रोहित शेट्टी निर्देशित इस फिल्म में अजय ने बाजीराव सिंघम और अक्षय ने वीर सूर्यवंशी की भूमिका निभाई है। कॉप ड्रामा फिल्म का बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन चिंताजनक है। यह अब तक अपना बजट भी नहीं निकाल सकी है। वहीं, अजय और अक्षय एक नई फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, इस बार वे सह-कलाकार के रूप में काम नहीं करेंगे। ट्विस्ट यह है कि अजय इस फिल्म का निर्देशन करेंगे जिसमें अक्षय मुख्य भूमिका में होंगे। एक हालिया मीडिया इवेंट में अजय देवगन ने अक्षय कुमार के साथ अपनी अगली फिल्म की घोषणा की। जब अभिनेता से उनके अगले सहयोग के बारे में पूछा गया, तो अजय ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसकी हम बाद में घोषणा करने वाले थे लेकिन मुझे लगता है कि यह एक बेहतरीन मंच है। हम पहले से ही एक साथ एक फिल्म पर चर्चा कर रहे हैं, जिसका मैं निर्देशन कर रहा हूं और अक्षय इसमें मुख्य कलाकार हैं।

अक्षय कुमार को निर्देशित करेंगे अजय

अधिक जानकारी के लिए पूछे जाने पर अजय ने कहा कि अभी ज्यादा कुछ बताना जल्दबाजी होगी। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि वे इस बारे में जल्द ही बात करेंगे। अजय देवगन निर्देशित इस फिल्म के बारे में अधिक जानना दिलचस्प होगा, जिसमें अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में हैं। सिंघम अगेन से पहले अजय देवगन और अक्षय कुमार ने सूर्यवंशी, सुहाग और खाकी जैसी फिल्में कीं।

अजय देवगन के निर्देशन में बनीं फिल्में

एक निर्देशक के रूप में यह अजय देवगन की पांचवीं फिल्म होगी। अजय ने बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत साल 2008 की फिल्म आई यू मी और हम से की। इसमें अभिनेता अपनी रियल लाइफ पत्नी काजोल के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आए। इसके बाद उन्होंने साल 2016 में शिवाय फिल्म का निर्देशन किया, जो एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म है। इस मूवी में भी अजय मुख्य किरदार में दिखाई दिए। 2012 में उन्होंने रनवे 34 के निर्देशक की कमान संभाली। इस फिल्म में अजय और अमिताभ बच्चन मुख्य भूमिका में नजर आएं। अजय की बतौर निर्देशक आखिरी फिल्म साल 2023 की भोला रही, जिसमें उन्हें तब्बू के साथ देखा गया।

सुष्मिता सेन इरादों को अमल में लाने में रखती हैं विश्वास

अभिनेत्री सुष्मिता सेन, जिन्हें आखिरी बार स्ट्रीमिंग क्राइम-थ्रिलर सीरीज आर्या सीजन 3 में देखा गया था, इरादों को अमल में लाने में विश्वास रखती हैं। अभिनेत्री ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया। उन्होंने लिखा, एक इंच आगे बढ़ने एक मील के सपने देखने से बेहतर है। उन्होंने कैप्शन में एक नोट भी लिखा, जिसमें उन्होंने सपनों को भी शक्तिशाली बताया लेकिन उन्होंने सपनों को क्रियान्वित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लिखा, यह आश्चर्यजनक है कि किसी भी चीज को हासिल करने की यात्रा कितनी सरल हो सकती है। इरादा एक शक्तिशाली उपकरण है, यह दिशा देने में मदद करता है लेकिन बिना गति के यह एक बेकार उपकरण है। इंच दर इंच हम मील तय करते हैं। इससे पहले अभिनेत्री अपने दांत के दर्द का इलाज कराने के लिए एक दंत चिकित्सक के पास गई थी। जब वह दंत चिकित्सक के क्लिनिक के बाहर क्लिक की गई, क्लिनिक के बाहर खड़े पैपराजी से बातचीत की, तो यह स्पष्ट था कि उन्हें स्थानीय एनेस्थीसिया की भारी खुराक दी गई थी, क्योंकि उसकी बोली लड़खड़ा रही थी। दर्द में होने के बावजूद, अभिनेत्री ने अपनी खास गर्मजोशी और करुणा के साथ पैपराजी का अभिवादन किया। काम के मोर्चे पर सुष्मिता को आखिरी बार अंतर्राष्ट्रीय एमी नामांकित सीरीज आर्या में देखा गया था, जिसमें वह मुख्य भूमिका निभा रही हैं। उन्हें स्ट्रीमिंग बायोग्राफिकल ड्रामा ताली- बजाऊंगी नहीं, बजाऊंगी में भी देखा गया था, जिसमें उन्होंने ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट श्रीगौरी सावंत की भूमिका निभाई थी। रवि जाधव द्वारा निर्देशित यह सीरीज मुंबई की ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट गौरी सावंत के जीवन और संघर्ष के महत्वपूर्ण क्षणों को कवर करती है।

मालिक की शूटिंग पूरी, फिल्म के लिए राजकुमार राव ने किए शारीरिक बदलाव

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव के पास कतार में कई फिल्में हैं। उन्होंने स्त्री 2 की सफलता का जश्न मनाने के बाद विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में अभिनय किया। हालांकि, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुकाबले अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। इस बीच अब राजकुमार राव अपनी अगली फिल्म मालिक की तैयारियों में जुटे हुए हैं। अब इस फिल्म को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं। अभिनेता राजकुमार राव ने अपनी आगामी फिल्म मालिक की शूटिंग पूरी कर ली है। पुलकित द्वारा निर्देशित यह फिल्म राव की पहली पूर्ण एक्शन फिल्म होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, एक्शन डायरेक्टर विक्रम दहिया की देखरेख में राजकुमार ने अपनी फिट बॉडी बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। फिल्म का निर्माण अगस्त के अंत में लखनऊ में शुरू हुआ और इसके बाद पूरे उत्तर प्रदेश में तीन महीने तक इसका निर्माण चला। मालिक की प्रोडक्शन टीम ने लखनऊ, वाराणसी और उन्नाव में शूटिंग की। उन्होंने ब्रह्मावर्त घाट पर भव्य दिवाली उत्सव का दृश्य फिल्माया, जहां हजारों दीये जलाए गए। कानपुर में फिल्म की शूटिंग का आखिरी चरण मुख्य किरदार की शादी के दृश्य के साथ पूरा हुआ। यहीं पर तीन दिन पहले मालिक की शूटिंग खत्म हुई थी।

फिल्म में राजकुमार राव का किरदार

मालिक में राजकुमार राव दो अलग-अलग लुक में नजर आएंगे- एक क्लीन-शेव्ड और दूसरा रफ-टफ, दाढ़ी वाला। उनका किरदार धीरे-धीरे एक बदमाश से गैंगस्टर में बदल जाता है। अभिनेता ने कुछ एक्शन दृश्यों की शूटिंग की है, जिनमें हथियारों के साथ-साथ हाथापाई भी शामिल है। बंगाली सुपरस्टार प्रसेनजीत चटर्जी फिल्म में राव के गुरु की भूमिका निभा रहे हैं। मालिक में राव के साथ मानुषी छिल्लर भी हैं। 2017 में ऐतिहासिक ड्रामा बोस-डेड/अलाइव की सफलता के बाद निर्देशक पुलकित के साथ अभिनेता की यह दूसरी परियोजना है। हालांकि, उनकी पिछली परियोजना एक अलग शैली की थी, लेकिन मालिक एक बड़े पैमाने की कहानी और फिल्म होने का दावा कर रही है और एक अभिनेता के रूप में राजकुमार राव की बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करेगी।

मैं बॉलीवुड की तरह नशे का एड नहीं करता

पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ ने हाल ही में तेलंगाना सरकार से कानूनी नोटिस मिलने के बाद सुर्खियां बटोरीं । नोटिस में उन्हें हैदराबाद में अपने आगामी कॉन्सर्ट के दौरान शराब , ड्रग्स या हिंसा को बढ़ावा देने वाले गाने नहीं बजाने की चेतावनी दी गई थी। अब सिंगर ने इस नोटिस पर मजाकिया अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया दी है। गुजरात के अहमदाबाद में अपने संगीत कार्यक्रम के दौरान दिलजीत दोसांझ ने अपने कॉन्सर्ट के आसपास के कानूनी मुद्दे को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि उन्हें उस दिन कोई नोटिस नहीं मिला था, लेकिन उन्होंने अपने दर्शकों को आश्वासन दिया कि शराबबंदी कानूनों का सम्मान करते हुए, वह प्रदर्शन के दौरान शराब से संबंधित गाने नहीं गाएंगे। दिलजीत ने चल रहे विवाद को यह स्पष्ट करके भी संबोधित किया कि बॉलीवुड में शराब के बारे में कई गाने हैं, लेकिन उनके कुछ ही ट्रैक इसका संदर्भ देते हैं। उन्होंने बॉलीवुड हस्तियों पर भी कटाक्ष किया और बताया कि वह शराब का समर्थन या विज्ञापन नहीं करते हैं।

ग्रेटर नोएडा में बनेगी देश की सबसे बड़ी स्मार्ट सिटी, स्कीम जल्द

ग्रुप हाउसिंग के 4 प्लॉटों की आएगी स्कीम, 1123 करोड़ के प्लॉट



ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर के अंतर्गत देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में से एक इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में रहने का सपना अब जल्द पूरा हो सकेगा। आईआईटीजीएनएल की ग्रुप हाउसिंग भूखंड योजना अब जल्द लांच हो सकेगी। आईआईटीजीएनएल की सोमवार को संपन्न बोर्ड बैठक में 2024-25 की भू आवंटन की दरें तय हो हो चुकी हैं एवं अब स्कीम लांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

दरअसल, आईटीजीएनएल की तरफ से बिल्डर भूखंडों की स्कीम लांच करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन ई-ऑक्शन के लिए रिजर्व प्राइस तय न होने के कारण रुकी हुई थी। आईटीजीएनएल की बोर्ड बैठक सोमवार को संपन्न हुई, जिसमें रेट पर मुहर लग गई। इस टाउनशिप में 44,400 रुपये प्रति वर्ग मीटर रिजर्व प्राइस तय किया गया है। इसके साथ ही अब यह स्कीम भी शीघ्र लांच होने जा रही है। देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप होने के चलते यहां पर पहले से ही एनसीआर एवं देश के कई बड़े बिल्डर यहां पर ग्रुप हाउसिंग में निवेश करने की इच्छा जता चुके हैं। ऐसे में आईआईटीजीएनएल में ग्रुप हाउसिंग के ऑक्शन की स्कीम में बड़ी संख्या के बिल्डरों के भाग लेने की संभावना है।

ऑन लाइन होगा ऑक्शन

इन भूखंडों का आवंटन ऑनलाइन ऑक्शन के जरिए होगा, जो आवेदक सबसे अधिक बोली लगाएगा, उसे ही ये भूखंड आवंटित किए जाएंगे। स्कीम में पंजीकरण, आवेदन, फीस डिपॉजिट और ई-ऑक्शन की सुविधा ऑनलाइन ही होगी। इसके साथ ही आईआईटीजीएनएल बोर्ड ने 2024-25 के लिए उद्योगों, वाणिज्यिक संपत्तियों की दरें भी तय कर दी हैं। औद्योगिक भूखंडों की दर 23900 रुपये प्रति वर्ग मीटर और वाणिज्यिक भूखंडों की दर 75400 रुपये प्रति वर्ग मीटर होगी। इस बोर्ड बैठक में आईआईटीजीएनएल के प्रबंध निदेशक एनजी रवि कुमार, निदेशक प्रेरणा सिंह, श्रीलक्ष्मी वी एस, एनआईसीडीसी के प्रबंध निदेशक रजत कुमार सैनी, कंपनी सेक्रेटरी पतंजलि दीक्षित समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

ग्रुप हाउसिंग भूखंडों की कीमत 1123 करोड़

आईआईटीजीएनएल के निदेशक प्रेरणा सिंह ने बताया कि 4 ग्रुप हाउसिंग भूखंडों में से एक भूखंड 34500 वर्ग मीटर, दूसरा भूखंड 54400 वर्ग मीटर और तीसरा भूखंड 70000 वर्ग मीटर और चौथा भूखंड 94000 वर्ग मीटर एरिया का है। रिजर्व प्राइस के आधार पर इन चारों भूखंडों की कुल कीमत लगभग 1123 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। यानी अगर ये चारों भूखंड रिजर्व प्राइस पर भी बिकते हैं तो आईआईटीजीएनएल को 1123 करोड रुपए प्राप्त होंगे। साथ ही लोगों को आईआईटीजीएनल की स्मार्ट टाउनशिप में रहने का सपना भी पूरा हो सकेगा।

ग्रेटर नोएडा में दक्षिण कोरिया के कारोबारी करेंगे बड़ा निवेश

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। दक्षिण कोरिया के एक 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का दौरा किया। कोरिया हाउसिंग बिल्डर्स एसोसिएशन के इस प्रतिनिधिमंडल के साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ और आईआईटीजीएनएल के प्रबंध निदेशक एनजी रवि कुमार और एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बैठक की। बैठक में दोनों अधिकारियों ने ग्रेटर नोएडा और इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप के इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भारत में हाउसिंग सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है, जबकि दक्षिण कोरिया में आबादी का अनुपात घटने की वजह से हाउसिंग सेक्टर की मांग भी घट रही है।

इसलिए दक्षिण कोरिया के रियल एस्टेट कारोबारी भारत में रियल एस्टेट कारोबारियों के साथ साझीदार बनना चाह रहे हैं। सीईओ एनजी रवि कुमार ने कोरिया हाउसिंग बिल्डर्स एसोसिएशन और क्रेडाई के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कराने की बात कही है। कोरिया हाउसिंग बिल्डर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जुंग वॉन जु ने कहा कि वे भारत में न सिर्फ रियल एस्टेट में साझीदार बनना चाह रहे हैं बल्कि दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत को भी नये आयाम देकर ऊंचाइयों पर लेकर जाना चाह रहे हैं।

एमएसएमई उद्यमियों ने सीखे इंवेस्टमेंट प्लॉन

नोएडा (चेतना मंच)। वित्तीय जागरूकता बढ़ाने और निवेश के फायदों को समझाने के उद्देश्य से

एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा की ओर से सेक्टर-10 स्थित कार्यालय में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एसआईपी (सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) की बुनियादी जानकारी और इसके लाभों को नोएडा के उद्यमियों तक पहुंचाना था।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने कहा कि म्यूचुअल फंड / एसआईपी मोटा फंड इकठ्ठा करने का शानदार विकल्प बना है और इसमें निवेश करने वालों की तादाद में भी लगातार इजाफा हो रहा है. इसमें सही स्ट्रेटजी के साथ किया गया इन्वेस्टमेंट करोड़पति भी बना सकता है। जितनी जल्दी कोई व्यक्ति नियमित रूप से बचत और निवेश करना शुरू करता है, वित्तीय लक्ष्य हासिल करना उतना ही आसान हो जाता है। म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर एनजे वेल्थ के नोएडा ब्रांच हेड रोहित जैन ने म्युचुअल फंड के विभिन्न प्रकार, निवेश की प्रक्रिया, जोखिम प्रबंधन और दीर्घकालिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि म्यूचुअल फंड एक ऐसा निवेश विकल्प है, जो छोटे और मध्यम निवेशकों को संगठित तरीके से बाजार में निवेश करने का अवसर देता है।

यूको बैंक की सेक्टर-तीन शाखा के मुख्य प्रबंधक प्रिय रंजन और यूको बैंक के अन्य अधिकारी नितिन अरोड़ा आदि ने भी मीटिंग में भाग लिया और बैंक की चल रही योजनाओं की जानकारी देते हुए उद्यमियों की हर प्रकार से मदद करने का भरोसा दिया।

चार्टर्ड अकाउंटेंट आशीष गुप्ता ने बताया कि छोटे-छोटे निवेश भी समय के साथ बड़ा आकार ले सकते हैं।

एसोसिएशन के नोएडा अध्यक्ष सचिन राणा, यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के अध्यक्ष रमेश राठौर, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रीना राणा ने इस प्रकार की कार्यशालाओं को नियमित रूप से आयोजित करने का आश्वासन देते हुए कहा कि इससे समाज में वित्तीय साक्षरता बढ़ेगी और लोग अपने पैसे का सही प्रबंधन कर सकेंगे।

इस मौके पर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीडी शर्मा, कोषाध्यक्ष पीएस सोलंकी, महामंत्री हाजी अनवर, ग्रेटर नोएडा अध्यक्ष विजय भारती, यीडा के मंत्री दिलशाद खान, आकांक्षा चुग, सुभाष शर्मा, शिव पंडित, अनीता मिश्रा, भूपेंद्र शैलाकोटि, गणेश विष्ट, सुरजीत सिंह, नरेंद्र डोगरा, गुरिंदर सिंह भिंडर, सुबोध कुमार, विरेंद्र कुमार, आर्यन पुरी, रामतीरथ, दिलीप मिश्रा, जब्बार खान, अमरीक सिंह, सुरेंद्र सिंह, अरुणिका सिंघल, एडवोकेट अभिषेक कृष्णा, नसीम खान, एलएन पंवार, नीरज गुप्ता, सक्षम मिश्रा, सुमित चोप ?ा, शाहरुख आदि सहित एक सौ के लगभग उद्यमी,कर्मचारी भी मौजूद रहे।

पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है डीएपी एवं एनपीके : सिसौदिया

नोएडा (चेतना मंच)। जनपद के कृषकों को भूमि जोत के आधार पर निर्धारित दरों पर उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अपर कृषि निदेशक भूमि संरक्षण वीरेंद्र कुमार सिसोदिया द्वारा तहसील जेवर में स्थित उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

स्थलीय निरीक्षण के दौरान मै0 अग्रवाल खाद भण्डार, टप्पल रोड जेवर फर्म स्वामी धर्मेन्द्र अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर 76.590 मै0टन युरिया, 40.350 मै0टन डी0ए0पी0, 4.250 मै0टन एम0ओ0पी0 एवं 6.400 मै0 टन एन0पी0के0 उर्वरक का स्टॉक पाया गया। निरीक्षण के समय कतिपय क्षेत्रीय कृषक उपस्थित मिले, उनके द्वारा बताया गया कि लगभग 75 से 80 प्रतिशत

क्षेत्र में गेहू एवं अन्य रबी फसलों की बुवाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार टप्पल रोड जेवर में स्थित अन्य उर्वरक प्रतिष्ठान न्यू नेशनल बीज एवं खाद भण्डार का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें 11.970 मै0टन यूरिया एवं 30.750 मै0टन डी0ए0पी0 पाया गया। विक्रेता को पी0ओ0एस0 मशीन से एवं निर्धारित दरों पर ही कृषक की भूमि जोत के आधार पर उर्वरकों के विक्रय हेतु निर्देश दिये गये।

जेवर खुर्जा रोड स्थित उर्वरक प्रतिष्ठान मै0 भारत बीज भण्डार के स्थलीय निरीक्षण के समय 35.820 मै0टन यूरिया, 24.550 मै0टन डी0ए0पी0 एवं 12.300 मै0टन एम0ओ0पी0 उर्वरक पाया गया। उर्वरक विक्रेता के द्वारा पी0ओ0एस0 मशीन से निर्धारित दरों पर उर्वरकों की बिकी की जा रही थी। उपस्थित कृषकों के द्वारा बताया गया कि, क्षेत्र में उर्वरकों की कोई भी समस्या नहीं है। निरीक्षण के दौरान जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार, प्रधान सहायक यतीश कुमार शर्मा एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

ठेकेदारों के साथ अन्याय करने वाली कंपनी के खिलाफ होगा धरना : रविंदर प्रधान

नोएडा (चेतना मंच)। करीब एक साल से भुगतान ना होने से आम्रपाली हार्टवीत सिटी में कार्यरत ऐशियन कंस्ट्रक्शन कंपनी के परेशान ठेकेदारों ने आज अपनी समस्या से अखिल भारतीय सफाई मजदूर गरीब उत्थान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंदर प्रधान को अवगत कराया।परेशान ठेकेदारों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए रविंदर प्रधान ने इसकी शिकायत केंद्र व प्रदेश सरकार से की है।ठेकेदारों का आरोप है कि कंपनी ने उनका दो करोड का बकाया भुगतान नहीं किया है।कई जगह शिकायत करने के बाद भी हमारी समस्या का समाधान नहीं हो पाया हैं।

आपको बता दें कि नोएडा के सेक्टर-107 स्थित आम्रपाली हार्टवीत सिटी में कार्यरत ऐशियन कंस्ट्रक्शन कंपनी ने कई ठेकेदारों से अपना काम करवाया लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी उनका करीब दो करोड़ का बकाया भुगतान नहीं कराया।

इसकी शिकायत हमने कंपनी के उच्च अधिकारीयों से की।लेकिन फिर किसी ने हमारी समस्या का समाधान नहीं किया।बता दे कि कुछ ठेकेदारों ने कर्ज लेकर कंपनी का कार्य किया था।अब उस कर्ज को चुकाने के लिए इधर उधर घूम रहे है। इन सब से परेशान हो कर आज सभी ठेकेदारों ने अखिल भारतीय सफाई मजदूर गरीब उत्थान यूनियन के बरौला स्थित कार्यालय पहुंच कर राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंदर प्रधान को अपनी समस्या से अवगत कराया। मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए श्री प्रधान ने ठेकेदारों को आश्वस्त कराया कि संगठन हमेशा गरीबों के साथ है। किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। अगर कंपनी ने सभी ठेकेदारों का बकाया भुगतान नहीं किया तो कंपनी का काम बंद करवा दिया जायेगा।

ग्रेटर नोएडा के दो सेक्टरों में बंदरों का खौफ

पार्कों व गलियों में घूमना व खेलना हुआ दुश्वार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा के दो प्रमुख आवासीय सेक्टरों में बंदरों का खौफ है। एक सेक्टर में तो आरडब्ल्यूए के सदस्य हाथों में डंडे लेकर खुद मैदान में उतर कर बंदरों को भगा रहे हैं। बंदरों ने इन दोनों सेक्टरों में कई लोगों को काट लिया है।

ग्रेटर नोएडा के सिग्मा-4 सेक्टर में बंदरों का आतंक चरम पर है। निवासियों की शिकायत है कि बंदरों के हमले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, जिससे लोगों में डर और गुस्सा है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि लोग अपनी सुरक्षा के लिए सड़क पर उतर आए हैं।

सिग्मा-4 निवासी ऋषि वशिष्ठ ने बताया कि सेक्टर के बड़े पार्क के पास बंदरों का झुंड महीनों से डेरा जमाए हुए है। इन बंदरों का व्यवहार आक्रामक हो गया है। हाल ही में उनकी भाभी पर दो बंदरों ने हमला कर दिया, जब वे किसी काम से बाहर निकली थीं।

उन्होंने बताया कि बंदरों का आतंक इतना बढ़ गया है कि बच्चों के लिए पार्कों और गलियों में खेलना मुश्किल हो गया है। हर किसी को चोट लगने का डर बना रहता है। स्थिति से परेशान होकर सेक्टर के लोग अपनी और अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए खुद ही पहरा देने को मजबूर हो गए हैं। निवासियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और आरडब्ल्यूए अध्यक्ष से अपील की है कि वन विभाग की टीम को तुरंत बुलाकर इस समस्या का समाधान किया जाए।

लोगों का कहना है कि प्राधिकरण को पहले ही इस समस्या की जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि

जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

वहीं ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमीक्रोन-1ए में बंदरों का आतंक लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। लगभग 40 से 50 बंदरों का झुंड सेक्टरवासियों पर हमले कर रहा है। ये बंदर न केवल लोगों को काटकर घायल कर रहे हैं, बल्कि घरों में घुसकर सामान चुरा रहे हैं और तोड़फोड़ मचा रहे हैं।

सेक्टर के निवासी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। महिलाओं और बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। यहां तक कि बंदर घरों में घुसकर फ्रीज से सामान तक निकाल ले जाते हैं। गमले और लाइटें तोड़ने जैसी घटनाएं रोजाना हो रही हैं।

रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ओमीक्रोन-1ए के अध्यक्ष योगेंद्र मावी ने बताया कि बंदरों की समस्या के समाधान के लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक को एक पत्र सौंपा है। पत्र में निवेदन किया गया है कि बंदरों को पकड़कर जंगल में छुड़वाने की व्यवस्था की जाए, ताकि सेक्टर के निवासियों को इस भयावह समस्या से राहत मिल सके।

योगेंद्र मावी ने कहा कि पूरे सेक्टर में भय का माहौल है। लोग अपने बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं।